## खबर संक्षेप

### भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती सुशासन दिवस के रूप में मनाएगी भाजपा

**मण्डला।** भारतीय जनता पार्टी केंद्रीय एवं प्रदेश नेतृत्व के आव्हान पर आगामी 25 व 26 दिसम्बर को आयोजित सुशासन दिवस व वीर बाल दिवस का आयोजन भाजपा जिलाध्यक्ष भीष्म द्विवेदी के नेतृत्व में नगर मुख्यालय सहित मंडला जिले के सभी मंडलों व बूथ स्तर पर मनाया जाएगा। भाजपा जिला मीडिया प्रभारी सुधीर कसार ने बताया कि पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के शताब्दी समारोह को भाजपा 'सुशासन दिवस' के रूप में एक साल तक मनाएगी साथ ही वीर बाल दिवस के मौके पर जिला से लेकर मंडल स्तर तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित होंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर जिले में मंडल स्तर की वर्चू वल बैठक कर कार्यक्रम तय किए गए हैं, मण्डला नगर मंडल में 25 दिसंबर को प्रातः दस बजे पूर्व प्रधानमंत्री भारत रत्न अटल बिहारी वाजपेई जी की जयंती के अवसर पर जिला चिकित्सालय मंडला में मरीजों को फल वितरण किए जाएंगे तत्पश्चात दोपहर 1:00 बजे सुशासन दिवस के अवसर पर भाजपा जिला कार्यालय में कार्यक्रम आयोजित होंगे शाम को माहिष्मती घाट में नर्मदा जी की पंच चौकी आरती पूर्व प्रधानमंत्री स्वर्गीय अटल बिहारी वाजपेई की पुण्य स्मृति में नगर भाजपा द्वारा की जाएगी।

### सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक लेंगे

**मण्डला।** सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में 26 दिसंबर 2024 गुरूवार को प्रातः 11:30 बजे जिला योजना भवन में जिला विकास समन्वय एवं निगरानी समिति की बैठक आयोजित की जाएगी। कलेक्टर सोमेश मिश्रा ने आयोजित बैठक में सभी जनप्रतिनिधि एवं अधिकारियों को उपस्थित होने को कहा है, जिससे शासन की योजनाओं एवं कार्यक्रमों की विभागवार समीक्षा संपन्न की जा सके।

## 14 वर्षो में 8 बार जमा कराई सीमांकन के लिये फीस

# सीमांकन के लिए भटक रहा किसान

*** शिकायत वापिस लेने धमकाते थे अधिकारी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/नारायणगंज




नारायणगंज विकासखंड मुख्यालय से दो किलोमीटर की दूरी में बसे ग्राम टिकरिया स्थित अपने पैतृक भूमि पटवारी हल्का नंबर 26/ 42 खसरा नंबर 96/4, 106/4,113/ 2 रकवा क्रमशः 0.20, 0.11, 0.75 का सीमांकन कराने के लिए कृषक जनक लाल कुड़ापे द्वारा लगातार तहसील कार्यालय में वर्ष 2010 से अब तक कुल आठ बार विधिवत सीमांकन फीस जमा कर सीमांकन कराने की उम्मीद लिए बैठा है परंतु यहां विराजे तहसीलदार, आर आई, पटवारी सहित प्रशासन के कान में जूं तक नहीं रेंगा। जानकारों की मांने तो एक काम के लिए किसी भी शासकीय कार्यालय में एक बार ही फीस लेने का प्रावधान गाइडलाइन में है। परंतु यहां आवेदक से संबंधित कार्यालय में विधिवत एक ही काम को कराने के लिए आठ बार फीस जमा कराया गया है। अब सवाल यह भी है क्या बाकी सात बार के पैसे नियम अनुसार कृषक को क्या वापस किए जाएंगे।

### सीमांकन के लिए दर-दर भटका किसान

अपने पैतृक भूमि का सीमांकन कराने के लिए कृषक लगातार 14 वर्षों से दर-दर भटक रहा है। इन 14 वर्षों में अपनी समस्या के निराकरण की उम्मीद में जिला कार्यालय जनसुनवाई में कलेक्टर के पास पांच बार पहुंच चुका है परंतु निराकरण का अब तक अता-पता नहीं है।

चारों तरफ से थक हार कर 181 सीएम हेल्पलाइन में भी अपनी शिकायत दर्ज कराया जिसका भी निराकरण अब तक लंबित है सीमांकन करने के बजाय तहसीलदार व आर आई संबंधित पटवारी द्वारा शिकायतकर्ता के ही ऊपर शिकायत वापस लेने दबाव बनाया जा रहा है। सिर्फ इसलिए की सीएम हेल्पलाइन निराकरण में अपनी कुशल कार्य शैली कागजों में दिखाकर उच्च अधिकारियों से अपनी पीठ थपथपा सके।

निराकरण की उम्मीद में पांचवीं बार जनसुनवाई में पहुंचे किसान झनक लाल कूड़ापे व पुत्र प्रेम सिंह कूड़ापे ने बताया कि अपने ही पैतृक भूमि की सीमांकन के लिए लगातार में दर-दर भटक रहा हूं लंबे समय से सीमांकन न होने के कारण एक तरफ पड़ोसी सत्येंद्र उईके द्वारा अतिक्रमण करते हुए मकान बनाया जा रहा है। जिससे विवाद की स्थिति निर्मित हो रहा है। जिसका निर्माण कार्य रुकवाने के लिए लिखित आवेदन तहसीलदार और थाना में भी शिकायत पत्र दे चुका हूं। पटवारी आर आई द्वारा दो बार तक मौके में सीमांकन करने पहुंचे परंतु सामने सड़क मात्र की नपाई करके वापस चले गए। बार-बार मेरे द्वारा निवेदन करने पर पटवारी द्वारा कहा जा रहा है तुम्हें जैसा लगे करो तुम्हारे खेत की नपाई नहीं करेंगे। उल्टे अतिक्रमणकारियों के प्रति खुला संरक्षण पूर्ण व्यवहार दिखाते हुए अतिक्रमण करने का शह दे रहे हैं। जिला प्रशासन से निवेदन है शीघ्र निराकरण की जाए।




## क्रीड़ा भारती की जिला इकाई का हुआ गठन योगेश कछवाहा बने जिला अध्यक्ष



हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला

क्रीड़ा भारती महाकौशल प्रांत जिला इकाई मण्डला की बैठक हुई संपन्न बैठक में खेल जगत से जुड़े खेल प्रशिक्षक, कोच एंव खेल प्रेमी उपस्थित रहे। बैठक में क्रीड़ा भारती महाकौशल और छत्तीसगढ़ प्रांत के क्षेत्रीय अधिकारी कौशलेंद्र पटेल राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉ. हीरानंद चंद्रवंशी और क्रीड़ा भारती मंडला विभाग के संयोजक शशांक की उपस्थिति में की गई। बैठक में खेल जगत से जुड़े उपस्थित प्रशिक्षक, कोच एवं कीड़ा भारती कार्यकर्ताओं से कौशलेंद्र पटेल ने चर्चा करते हुए क्रीड़ा भारती संगठन के प्रमुख उद्देश्यों पर चर्चा की और विस्तृत खेल मान बिंदुओं पर खेल के क्षेत्र पर खेल के साथ-साथ चरित्र और राष्ट्र का निर्माण किस प्रकार हो इस विषय पर विस्तृत चर्चा की बैठक के पश्चात राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघ चालक डॉ. हीरानंद चंद्रवंशी की उपस्थिति में क्रीड़ा भारती मण्डला इकाई की दायित्वों की नियुक्ति की जिसमे कीड़ा भारती जिला अध्यक्ष योगेश कछवाहा, जिला उपाध्यक्ष मोहन ठाकुर, जिला मंत्री संदीप कुमार कछवाहा, जिला सहमंत्री अजय कुमार, कोषाध्यक्ष सत्यम मिश्रा, डॉ. गुल बाहर खान, युवा इकाई प्रमुख मयंक उपाध्याय महिला प्रमुख प्रगति दुबे एंव सोनम कछवाहा एवं जिला क्रीड़ा खेल प्रमुख त्रिलोकचंद डोंगरे की नियुक्ति की गई। नियुक्ति के पश्चात बैठक में उपस्थित पदाधिकारी राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के जिला संघचालक डॉ. हीरानंद चंद्रवंशी क्रीड़ा भारती क्षेत्रीय अधिकारी कौशलेंद्र पटेल, रितेश अग्रवाल विभाग संपर्क प्रमुख, डॉ. आकाश खत्री और मण्डला विभाग के संयोजक शशांक द्वारा सभी कार्यकर्ताओं को नवीन दायित्वों की शुभकामनाएं प्रेषित किया।

### बिनैका सरपंच-सचिव के विरूद्ध जनसुनवाई में शिकायत



**मण्डला।** नव जागृति ग्राम विकास समिति के द्वारा कल कलेक्टर को जनसुनवाई में आवेदन दिया गया जिसमें सरपंच, सचिव के द्वारा किए गए वित्तीय अनियमित एवं भ्रष्टाचार की जांच रिपोर्ट पर कार्यवाही करने का आवेदन किया दिया गया विषय यह था कि सरपंच सचिव के विरुद्ध जांच कराई गई थी लेकिन आज दिनांक तक विभाग के द्वारा उस जांच रिपोर्ट पर किसी भी प्रकार की कार्यवाही नहीं की गई थी इसके संदर्भ में समिति के सदस्यों एवं ग्रामवासियों ने कलेक्टर से मिलकर जनसुनवाई में इस विषय को लेकर आवेदन दिया और जल्द से जल्द जांच रिपोर्ट पर कार्यवाही करने की बात कही।

## नक्सल प्रभावित थाना क्षेत्र में बालीवाल प्रतियोगिता का आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला





मण्डला पुलिस द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सामुदायिक पुलिसिंग के अंतर्गत विभिन्न आयोजन जिसमें सरकार की योजनाओं की जानकारी एवं लाभान्वित कैसे हो आदि साझा किये जाते हैं साथ ही पुलिस द्वारा इन क्षेत्रों में खेल एवं खिलाड़ियों को प्रोत्साहित करने हेतु विभिन्न खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया जाता है एवं इस दौरान खेल सामग्री एवं किट का भी वितरण किया जाता हैं। इसी क्रम में थाना मोतीनाला परिसर व्हालीवाल ग्राउंड मे सामुदायिक पुलिसिंग अंतर्गत दिनांक 21.12.2024 से दिनांक 22.12.2024 तक दो दिवसीय व्हीलावाल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया, जिसमें थाना क्षेत्र के ग्राम चीतानचना, हर्राटोला, भिमोरी, बादंरवाड़ी, बैला, लुटरा, मगरवाड़ा, भीमडोंगरी, कुड़ेला, कुड़ेला मिशन, चंदगांव, टिकरिया, भपसा, मंगली, कुकतीसरई, मालुमझोला, खैरी, मोतीनाला, खुर्सीपार की टीमो ने भाग लिया। जिसमें ग्रामीण युवाओ द्वारा प्रतियोगिता मे बढ-चढ़कर हिस्सेदारी कर प्रतिभा दिखाई गई। व्हालीवाल कार्यक्रम मे टिकरिया टीम विजेता एंव मगरवाड़ा टीम उपविजेता रही, जिन्हे पारितोषिक, किट, ट्राफी, व्हालीवाल एंव मेडिकल किट देकर सम्मानित किया गया। विजेता टीम टिकरिया को थाना प्रभारी मोतीनाला की तरफ से 3000/- रुपये, उप विजेता टीम को 2100/- रुपये एंव थर्ड रनर अप टीम बांदरवाड़ी को 2000/- रुपये का ईनाम प्रदाय किया गया। प्रतियोगिता मे सम्मिलित समस्त टीमो को किट, व्हालीवाल एंव मेडिकल किट प्रदाय कि गई। प्रतियोगिता मे थाना प्रभारी मोतीनाला, हाक फोर्स, समस्त थाना स्टाफ, क्षेत्र के गणमान्य नागरिक, जन प्रतिनिधि एंव वरिष्ठजन उपस्थित रहे। निश्चित ही इस तरह के आयोजनों से जनता एवं पुलिस के बीच सामंजस्य एवं मैत्री का वातावरण विकसित होता हैं एवं युवाओं में पुलिस व प्रशासन के प्रति सकारात्मकता उत्पन्न होती हैं। साथ ही क्षेत्र के रहवासियों की सामान्य समस्या से भी रूबरू होने का अवसर मिलता हैं।

## खैरी एवं पड़रिया में से मनाया गया पेसा दिवस महोत्सव



**नारायणगंज।** जनपद पंचायत नारायणगंज के अंतर्गत ग्राम पंचायत खैरी एवं पाडरिया में 24 दिसंबर को पेसा दिवस महोत्सव मनाया गया मध्यप्रदेश शासन के पत्र क्रमांक 17950 एवं मुख्य कार्यपालन अधिकारी के निर्देशन पर ग्राम पंचायत खैरी जनपद पंचायत नारायणगंज में 24 दिसंबर दिन मंगलवार को पेसा महोत्सव दिवस मनाया गया जिसमें पेसा प्रशिक्षण समितियां को पहले शांति एवं निर्माण समिति दूसरा सदस्य समिति तीसरा वन संसाधन समिति ग्राम सभा निधि समितियां में 30 सदस्य एवं ग्राम के निवासियों के समक्ष कार्यालय आयोजित कर जानकारी दी गई जिसमें ग्राम निर्माण के लिए अनुसूचित क्षेत्र का विकास अधिनियम संशोधित 2002 का क्रियान्वयन करने पर जोर दिया गया जिसमें ग्राम के संसाधनों पर जानकारी दी गई जीपी डीपी का वाचन किया गया जिसमें मनरेगा 15वें वित्त की राशि का आय,वय बतलाकर प्राथमिकता से कार्य करने को कहा गया प्रस्ताव पर आईटी कार्यवाही की गई इस कार्यक्रम में 10 बच्चों ने अपनी कला का प्रदर्शन किया गया दौड़ रंगोली प्रतियोगिता करवा कर 10 बच्चों को प्रोत्साहन कर इनाम वितरण किया गया इस कार्यक्रम में ग्राम पंचायत सरपंच श्रीमती शांति परस्ते ग्राम सभा अध्यक्ष श्री सागर तेकाम उप सरपंच दीपक सोनी ग्राम पंचायत के समस्त पंच एवं पेसा समिति के सदस्य श्री चंद्रशेखर तिवारी रघुनंदन विश्वकर्मा राज्जे सिंह मरकाम अध्यक्ष चमरवाह श्रीमती पुनिया बैगा गुड्डी बैगा राजेश मरावी सचिव अनिल शर्मा मोबाइल जार दुर्गेश उई के के प्रधान सामान्य श्रीमती आईसा झरिया एवं विपिन सोनी और ग्राम के मतदाता उपस्थित रहे जिनके स्वच्छता सुशासन की शपथ के साथ कार्यक्रम पेसा सक्रिय समन्वय में सभी ने सहयोग दिया इसी तरह ग्राम पंचायत पड़िया में पैसा महोत्सव मनाया गया जिसमें सरपंच राजकुमार तेकाम सचिव हरदयाल मरावी उप सरपंच विवेक सोनी रोजगार सहायक राकेश यादव एवं ग्राम पंचायत के सभी पंच एवं गांव के सभी नागरिक गण के सहयोग से कार्यक्रम संपन्न हुआ।

**विडम्बना** | **ठेकेदार द्वारा नहीं दिया जा रहा पूरा मेहनताना।**

# आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र में हो रहा मजदूरों का शोषण

*** शासकीय निर्माण कार्यो में हो रही मनमानी।**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला/मवई





आदिवासी बाहुल्य क्षेत्र मवई जहां रोजगार के साधन न के बराबर है और यही कारण है क्षेत्र से बड़ी संख्या में मजदूर एवं अन्य रोजगार की तलाश में बड़े बड़े महानगरों की ओर पलायन करते है किंतु कभी कोई शासकीय कार्य क्षेत्र में ही खुल जाए तो लोगों में एक खुशी की लहर होती है कि परिवार के साथ रहकर घर से काम में जाकर परिवारजनों के लिए रोजी रोटी कमाई जा सकेगी ठीक ऐसा ही उत्साह मवई में लगभग 12 करोड़ की लागत से स्वीकृत आई टी आई भवन निर्माण जो कि मवई के समीपी ग्राम धनगांव हो रहा है कि स्वीकृति से हुई किंतु लोक निर्माण विभाग (भवन) के इस भवन ठेकेदार हायड्रो इंडिया प्रायवेट लिमिटेड द्वारा कार्य प्रारंभ कर दिया गया और अपने अनुसार मनमाना मजदूरी दर मजदूरों को देने लगा असहाय मजदूर रोजगार छीन न जाए के डर से ठेकेदार के मनमाना मजदूरी देने पर भी विरोध नहीं कर पा रहे है और अपने साथ हो रहे शोषण को परिवार की रोजीरोटी की चिंता के सामने चुप चाप सहने को मजबूर है।

### शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी दर पर नहीं हो रहा मजदूरों का भुगतान

आई टी आई भवन में कार्यरत महिला मजदूरों से मजदूरी के विषय में जानकारी ली गई तो ठेकेदार द्वारा मात्र 200 रुपए ही सुबह 8 बजे से शाम 5 बजे तक कार्य करने पर दिया जा रहा है जो कि मध्यप्रदेश शासन द्वारा निर्धारित मजदूरी दर से लगभग आधी है साथ मनरेगा मजदूरी दर से भी काफी कम है इस तरह शासन द्वारा निर्धारित दर को भी दर किनार कर आदिवासी क्षेत्र में मजदूरों के धड़ल्ले से शोषण किया जा रह जिनकी सुध लेने वाला कोई नहीं है।

### नदारत है सूचना पटल से मजदूरी दर

समस्त शासकीय कार्यों में कार्य से संबंधित समस्त जानकारी एक सूचना पटल में अंकित कर कार्यस्थल में लगाना आवश्यक होता है किंतु आई टी आई भवन निर्माण में मजदूरी दर से संबंधित किसी प्रकार की कोई जानकारी अंकित नहीं की गई है

### नहीं है मजदूरों की सुरक्षा पुख्ता इंतजाम

मवई क्षेत्र में पहले ऐसे कार्यों के दौरान अनेकों मजदूरों दुर्घटना ग्रस्त हो गए है दुर्घटना ग्रसित होने के बाद मजदूर की सुनने वाला कोई नहीं होता करोड़ों करोड़ों की लागत से बन रहे आई टी आई भवन में मजदूर जान जोखिम में डाल कर कही 10 फिट नीचे फाउंडेशन तैयार करने नीचे उतर रहा तो कही बड़ी-बड़ी विद्युत से चलने वाले उपकरणों के बीच जान जोखिम में डाल काम करने को मजबूर ग्रामीण मजदूर यहां तक इतने बड़े भवन निर्माण में लगे मजदूर को अन्य किसी सुरक्षा तो दूर एक एक सुरक्षा की दृष्टि से हेलमेट तक प्रदान नहीं किया गया है ग्रामीण आदिवासी मजदूर के सुरक्षा की चिंता न करते हुए इस तरह लापरवाही बरतते हुए मजदूरों के जान जोखिम में डालना कहा तक सही है आखिर इतने बड़े निर्माण कार्य में हो रहे मजदूरों के शोषण पर जिम्मेदार मौन साधे क्यों बैठे है जिम्मेदार विभाग आखिर क्यों नहीं देख रहा है।

## राष्ट्रीय वूशु खिलाड़ी पूर्णिमा रजक मण्डला के वूशु खेल का 2024 तक का सफरनामा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ मण्डला



2007 हिमाचल प्रदेश (मंडी) नैशनल, 2009 केरल नैशनल, 2010 लखनऊ नैशनल, 2007,08,09,10 कोई मेडल नहीं लगा पर पूर्णिमा अपने जूनून और लगन से मेहनत करती रही और फिर वह दिन भी आया और पूर्णिमा की जिद और मेहनत रंग लाई 2011 झारखंड में 2 गोल्ड मेडल जीतने के बाद पीछे मुड़कर नहीं देखा और आज 2024 तक जीत का सफर आगे बढ़ रहा है।

2011 झारखंड नैशनल गेम्स में 2 गोल्ड मेडल, 2012 पटना नैशनल गेम्स में 2 गोल्ड मेडल, 2013 मणिपुर नैशनल गेम्स में 2 गोल्ड मेडल, 2014 छत्तीसगढ़ नैशनल गेम्स में 4 गोल्ड मेडल, 2016 असम नैशनल गेम्स में 1 सिल्वर मेडल, 2017 हरियाणा आल इंडिया युनिवर्सिटी गेम्स 1 गोल्ड मेडल, 2018 असम नैशनल गेम्स 1 गोल्ड मेडल, 2018 चंडीगढ़ आल इंडिया युनिवर्सिटी गेम्स 1 गोल्ड मेडल, 2019 जम्मू कश्मीर नैशनल गेम्स 2 गोल्ड मेडल, 2021 भोपाल नैशनल गेम्स 2 गोल्ड 1 सिल्वर मेडल, 2022 श्रीनगर काश्मीर नैशनल गेम्स 2 गोल्ड 1 सिल्वर मेडल, 2023 पूणे नैशनल गेम्स में 2 गोल्ड 1 कांस्य पदक, 2024 झारखंड रांची खेलो इंडिया वूमेन नेशनल गेम्स में 1 कांस्य पदक, 2014 कलर टीभी के शो इंडिया बनेगा मंच में प्रस्तुती, 2 बार इंडिया कैम्प का हिस्सा भी रह चुकी है।

सांई एकादमी भोपाल, टी टी नगर एकादमी भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं सांई एकादमी भोपाल में प्रशिक्षण प्राप्त कर चुकी हैं केन्द्रीय मंत्री संपतिया उइके से सम्मानित हो चुकीं हैं। महाकौशल खेल रत्न अवार्ड 2023 महापौर जबलपुर जगत बहादुर सिंह (अन्नू) जी से सम्मानित माननीय पुलिस अधीक्षक मण्डला मुदगल जी से सम्मानित हो चुकीं हैं पुलिस अधीक्षक मण्डला श्री शर्मा से सम्मानित हो चुकी है। मण्डला रोटरी क्लब द्वारा सम्मानित हो चुकी हैं मण्डला जोसेबा संस्था द्वारा सम्मानित हो चुकी हैं श्रमजीवी पत्रकार परिषद मण्डला द्वारा सम्मानित हो चुकी हैं एम पी वर्किंग जर्नलिस्ट यूनियन भोपाल द्वारा सम्मानित हो चुकी है। अखिल भारतीय मानवाधिकार संगठन मण्डला के द्वारा सम्मानित हो चुकी है। इटारसी में आयोजित रजक समाज का प्रतिभा सम्मान में रजक रत्न अवार्ड से विधानसभा अध्यक्ष डॉ सीताशरण शर्मा जी के द्वारा सम्मानित इन्दौर में संत श्री गाडगे महाराज अवार्ड से यूपी विधायक दिनेश चौधरी जी से सम्मानित हो चुकी है।

**खबर संक्षेप**

## पीएमयूएम शिक्षक संघ के ब्लॉक अध्यक्ष घोषित

**गाडरवारा**। प्राथमिक शिक्षक माध्यमिक शिक्षक उच्च माध्यमिक शिक्षक संघ म.प्र. (पीएमयूएम )के प्रान्तीय अध्यक्ष मुरली मनोहर अरजरिया व प्रान्त प्रमुख सतीश खरे के निर्देशन एवं प्रांतीय उपाध्यक्ष विनोद श्रीवास्तव की सहमति से मधुसूदन पटैल जिलाध्यक्ष नरसिंहपुर द्वारा संघ के ब्लॉक अध्यक्षो क्रो घोषित किया गया हे। नवनियुक्त ब्लॉक अध्यक्ष मे डॉ संदीप मेहरा उच्च माध्यमिक शिक्षक शा. उ.मा.वि. सूखाखैरी क्रो चीचली ब्लॉक अध्यक्ष, राजेंद्र गुप्ता माध्यमिक शिक्षक शा मा शा बगदरा क्रो साईंखेड़ा ब्लॉक अध्यक्ष व वीरेंद्र शर्मा प्राथमिक शिक्षक एकीकृत शा. मा शाला कोठिया को चांवरपाठा ब्लॉक अध्यक्ष, सीताराम पटैल माध्यमिक शिक्षक एकीकृत शा उ मा विद्यालय मुराछ क्रो नरसिंहपुर ब्लॉक अध्यक्ष, रामकुमार साहू प्राथमिक शिक्षक शिक्षक शा प्राथमिक शाला बारहा छोटा क्रो करेली ब्लॉक अध्यक्ष एवं हरगोविंद लोधी प्राथमिक शिक्षक शासकीय प्राथमिक शाला खानापुर क्रो गोटेगांव ब्लॉक अध्यक्ष के पद पर नियुक्त किया गया है।

## जप्त की गई साठ लीटर कच्ची शराब



**गाडरवारा**। नगर सहित क्षेत्र में लगातार बढ़ रहे शराब के अवैध कारोबार पर अंकुश लगाने के लिये जिला पुलिस अधीक्षक के निर्देशन व उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में नगर निरीक्षक प्रियंका केवट द्वारा लगातार मुहिम चलाई जा रही है। इस तरह अवैध शराब के कारोबारी के विरूद्ध पुलिस की बड़ी कार्यवाही के चलते 60 लीटर अवैध कच्ची शराब पकड़ते हुये गिरप्तार किया गया हे। बताया जाता है कि गाडरवारा थाना क्षेत्रांतर्गत अवैध शराब के विनिर्माण, परिवहन, संधारण एवं विक्रय के संभावित स्थानों पर मुखबिर सूचना के आधार पर लगातार दबिश दी जा रही है। इसी क्रम में बीते हुये दिवस नगर निरीक्षक प्रियंका केवट को मुखबिर द्वारा सूचना मिली की एक व्यक्ति भारी मात्रा में अवैध रूप से शराब रखे हुये है। इस सूचना के आधार पर टीआई प्रियंका केवट द्वारा अपने वरिष्ठ अधिकारियों को अवगत कराये जाने के बाद उप पुलिस अधीक्षक रत्नेश मिश्रा के मार्ग दर्शन में टीम बनाई गई। जिसमें मुख्य रूप से टीआई केवट के आलवा ए एस आई राकेश दीक्षित, वरिष्ठ आरक्षक राजेश बागरी, प्रधान आरक्षक सुरेन्द्र कौरव, आरक्षक हरिशंकर, बाल किशन रघुवंशी को शामिल किया गया था। इस टीम द्वारा मुखबिर सूचना के आधार पर रॉयल्टी ऑफिस के समीप एक कच्ची रोड में दबिश देकर आरोपी करन पिता बुद्धा उर्फ राजाराम नीरस (कुचवंदिया) उम्र 22 वर्ष निवासी कुचबंदिया मोहल्ला सुभाष वार्ड गाडरवारा को पकड़ते उसके कब्जे से 4 कुप्पों में अवैध रूप से रखी हुई लगभग 60 लीटर कच्ची महुआ शराब जप्त की गई। जिसकी अनुमानित कीमती लगभग 6,000 रूपये आकी जा रही है। वही पुलिस ने आरोपी करन नीरस (कुचबंदिया) को गिरफ्तार कर उसके खिलाफ मामला कायम करते हुये जांच में लिया गया है।

## किसान मोर्चा द्वारा देश के राष्ट्रपति के नाम सौंपा ज्ञापन

**गाडरवारा**। किसान मोर्चा द्वारा बीते हुये दिवस अपनी जरूरी मांगों को लेकर बीते हुये दिवस तहसीलदार को भारत की राष्ट्रपति मा.द्रोपती मुर्मू के नाम ज्ञापन सोपा गया। बताया जाता है कि सौपे गये ज्ञापन में मुख्य रूप से नोएडा ग्रेटर के सभी किसानों को जेल से रिहा किया जाए, राष्ट्रीय कृषि बाजार नीति को वापस ली जाए तथा सभी किसान संगठनों के नेताओं पर दर्ज मामले वापस लिए जाएं। वही भूमि अधिग्रहण के नाम पर खेती की जमीन को जिस तरह कंपनियों को दिया जा रहा है वह बंद किया जाये तथा स्वामीनाथन आयोग की सिफारिश को लागू किया जाए एवं किसान संगठनों नेताओं से बातचीत की जाए और किसान नेता जगजीत सिंह दल्ले वाल की जान बचाई जाए तथा दिल्ली कूच करने वाले किसानों पर दमन की कार्रवाई बंद की जाए।

# आखिर में कब अच्छे दिन आयेंगे दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा के, बस स्टैंड के अभाव में महिलाओं सहित अन्य बस यात्रियों को जहां तहां खड़े होकर करना पड़ता है बसों का इंतजार, मनचलों की छिटाकशी से बचने चाय पान दुकानों की शरण लेने मजबूर महिला बस यात्री..











हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।

इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि क्षेत्र में विकास नही हो रहे है लगतार विकास की गंगा बहने के बाद भी यदि क्षेत्र की जनता छोटी छोटी जरूरतों की मुहताज होकर परेशान होते हुए देखी जावे तो निश्चित ही क्षेत्र के उन विकास कार्यो के औचित्य पर सबाल खड़े होने से नही चूक पाते है? कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा में देखने मिल रही है। जहां पर इस नगरी को ग्राम पंचायत से बढ़कर नगर पंचायत का दर्जा तो मिले हुये लम्बा समय बीत चुका है जिसके चलते अब यह नगरी भ एक नगर की श्रेणी में आ चुका है। वही दूसरी ओर सांईखेड़ा को तहसील कार्यालय के आलवा महाविद्यालय की सौगात भी प्राप्त होने के साथ साथ ब्लाक मुख्यालय वर्षो से चल रहा है। मगर बडे हैरत की बात है कि इस सबके बाद भी इस समय दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा सहित क्षेत्र के लोगों को छोटी छोटी जरूरतों के लिये परेशान होते हुये देखा जाता है? क्योंकि जहां सांईखेड़ा नगरी दादा धूनी वालों का धाम संपूर्ण देश में प्रसिद्व होने से यहां पर दूर दूर से लोगों का आना जाना लगा रहता है। वही क्षेत्र के लगभग 70-80 गांवो का सांईखेड़ा केन्द्र बिंदु माना जाता है जिसके चलते प्रतिदिन हजारों की संख्या में ग्रामीणों का यहा प्रतिदिन आना जाना लगा रहता है जिसके चलते नगरी अपने आप में ही विशेष महत्व व जरूरी सुविधाएं प्राप्त करने का हक रखते है। वही सभी प्रकार की सुविधाये दादा धूनीवालों की नगरी निवासी लोगों को मिलते हुये नही दिखने के कारण परेशानियों का सामना करते हुये देखे जा रहे है? अब इसे स्थानीय नेताओं की अनदेखी कही जावे या फिर उदासीनता जिसके चलते यदि सांईखेड़ा की जरूरी समस्याओं की ओर गौर किया जावे तो आज भी क्षेत्र के लोग जरूरी सुविधाओं के आभाव में परेशान हो रहे है। वही दूसरी जिस प्रमुख समस्या से सिर्फ सांईखेड़ावासी ही नही बल्कि संपूर्ण क्षेत्रवासी जूझते हुये देखे जा रहे है शायद उस ओर आज तक किसी के द्वारा भी ध्यान नही दिया गया होगा। क्योंकि देश के नक्शे में अपना महत्वपूर्ण स्थान रखने वाली दादा धूनी वालो की नगर सांईखेड़ा में बस यात्रियों को सुरक्षित रूप से बैठने के लिये बस स्टेन्ड का तक आभाव बना हुआ है, जिसके चलते बसों के माध्यम से आने जाने वाले लोगों को मुख्य मार्ग के किनारे खड़े होते हुये बसों का इंतजार करते हुये देखा जाना आम बात बनी चुकी है। जबकि सच्चाई पर गौर किया जावे तो सांईखेड़ा जहां प्रदेश स्तर के मार्ग पर स्थित होने के साथ साथ क्षेत्र के लगभग 70-80 गांवों का केन्द्र बिन्दु होने के कारण जहां प्रतिदिन यहां पर क्षेत्र के अनेक गांवों के लोग अपना इलाज कराने के लिये पहुंचते है। वही दूसरी ओर ब्लाक मुख्यालय होने के कारण क्षेत्र की एक सेकड़ा से अधिक ग्राम पंचायतों के पंच सरपंच सहित अन्य लोगों को आना जाना भी बना रहता है। वही दूसरी ओर अन्य जरूरी कार्यो से भी प्रतिदिन हजारों लोग यहां पहुंचते है तथा दूसरी ओर सांईखेड़ा आने जाने के लिये लोगों को यातायात की अन्य कोई सुविधा उपलब्ध नही रहने के कारण मात्र एक ही सहारा बस सेवा होती है जिसके चलते माध्यम वर्ग के लोग सांईखेड़ा आने जाने के लिये इस मार्ग पर चलने वाली बसों के माध्यम से ही आना जाना करते हुये देखे जाते है। वही दूसरी ओर महाविद्यालय में अध्ययन करने वाले छात्र छात्राओं सहित अन्य शासकीय कार्यालयों में तैनात महिला कर्मी भी इन्ही बसों से आती जाती है। इस प्रकार रेल सुविधाओं से बंचित क्षेत्र के लोगों का आना जाना बसों के माध्यम से ही होता है, जिसके चलते दादा धूनी वालों की नगरी सांईखेड़ा से प्रदेश की राजधानी भोपाल पहुंचने व जबलपुर तक के लिये निजी बस सेवा उपलब्ध है। वही दूसरी ओर वही दूसरी ओर गाडरवारा से भी दिन में अनेकों बार बसों का आना जाना होता है। इस स्थिति में सांईखेड़ा पूर्णरूप से एक नगर स्तर के सुविधाएं पाने का हकदार तो माना जा रहा है। मगर वह सुविधाये प्रदान कराने के लिये किसी के द्वारा प्रयास नही किये जाने का परिणाम है कि साईखेड़ा में अभी तक स्थाई बस स्टेन्ड के साथ साथ यात्री प्रतिक्षालय का का तक आभाव बना हुआ है, जिसके चलते जहां यात्री इन बसों के इंतजार में जहां तहां सड़क किनारे अपनी जान जोखिम में डालते हुये बसों का इंतजार करते हुये देखे जाते है, वही दूसरी ओर बस चालक भी अपनी मन मर्जी से कही भी बसों को रोकते हुये यात्री को उतारने व बैठाने से नही चूकते है? इस स्थिति में सबसे अधिक परेशानी उन महिला बस यात्रियों को झेलने पड़ती है जो जरूरी कार्यो से यहां पर बसों के माध्यम से आने जाने का कार्य करती है या फिर चिकित्सालय में इलाज कराने के लिये पहुंचते है। क्योंकि जहां उन्हें गर्मी के दिनों में तेज धूप की तपन के बीच खड़ा रहते हुये बसों का इंतजार करते हुये देखा जाता है तो बारिश के दिनों में खुले आसमान के नीचे बारिश के पानी से भीगते हुये देखा जाता है तो दूसरी ओर ठंड के दिनों में लोग खुले मैदान में बैइना मजूबरी बन चुकी है। वही दूसरी ओर इस प्रकार से मुख्य सड़को के किनारे बसों का इंतजार करने वाली महिला यात्रियों को नगर में जहां तहां घूमने वाले मनचलों की छिटकाशी का शिकार होने के लिये भी मजबूर होते हुये देखा जाना आम बात हो चुकी है..? इस स्थिति में मजबूरी बस उन्हें चाय पान के टपरों की शरण लेना पड़ती है जिसके चलते न चाहते हुये भी उनकी जेबों पर आर्थिक बोझ पड़ने से नही बच पाता है। इस सच्चाई को देखते हुये अब सबाल यह उठता है कि जब सांईखेड़ा पहले से ही एक कस्बा के रूप में स्थापित हो चुका है और जहां पर शासन द्वारा शासकीय चिकित्सालय से लेकर पुलिस थाना व बैकों के साथ बिजली आफिस तथा हाई व हायर सेकेण्डरी स्तर के स्कूलों, ब्लाक मुख्यालय के आलवा तहसील कार्यालय एवं महाविद्यालय तक स्थापित किये गये है तो फिर आखिर में आज तक यहां पर निश्चित जगह बस स्टेन्ड व यात्री प्रतिक्षालय क्यों बन पाया है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि जब चुनावी बिगुल बजता है तो इस नगरी में अनेक राजनैतिक पार्टी के नेताओं का आगमन होता है और वह नगर सहित क्षेत्र के लोगों द्वारा पहनाई जाने वाली खुशबूदार फूलों की मालाओं के सुगंध के बीच दादा धूनी वालो की नगरी सांईखेड़ा में विकास का वादा करने से नही चूकते है। मगर इसके बाद उन्हें शायद सांईखेड़ा की याद ही नही आती होगी जिसके चलते आज साईखेड़ा बस स्टेन्ड जैसी जरूरी सुविधा से बंचित दिखाई देने से नही चूक पा रहा है? वही दूसरी ओर यदि देखा जावे तो सांईखेड़ा में स्थाई बस स्टेन्ड नही होने के कारण बसों के मुख्य मार्ग पर खड़े होने के कारण मुख्य मार्ग पर जाम की स्थिति तक निर्मित हो जाने के कारण यहां की यातायात व्यवस्था भी बदहाल होने से नही चूक पाती है।

# सांईखेड़ा क्षेत्र में कागजों के भरोसे चलते हुए नजर आ रही आंगनवाडी संबंधित योजनाएं

हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।



शहरों के साथ साथ सरकार द्वारा ग्रामीण महिलाओं व बच्चों को अनेक प्रकार के लाभ देने के उद्वेश्य से करोड़ो रूपया खर्च आगंनवाड़ी केन्द्रो की स्थाना की गई है,मगर देखनें में आता है कि ग्रामीण अंचलों मे संचालित आंगनबाडियों का फायदा महिलाओं व बच्चों को नही मिल पा रहा है? जबकि महिला बाल विभाग के माध्यम से संचालित होने वाले इन योजनाएं के नाम पर सरकार द्वारा प्रति वर्ष करोडो रूपए खर्च कर जन हितैषी योजनाए बनाती है मगर वह योजनाएं मात्र कागजो तक ही सीमित होने के चलते शासन की राशि बर्बाद ही होते हुए दिखाई देने लगी है। कुछ इसी प्रकार की सच्चाई इस समय जनपद पंचायत सांईखेड़ा के अंतर्गत अनेक गांवों में संचालित होने वाले आंगनवाड़ी केन्द्रो में आसानी से देखने मिली सकती है? बताया जाता है कि क्षेत्र के अनेक गांवों में संचालित आंगनबाडियों में मासूम बच्चों को न तो पौष्टिक आहार मिल पा रहा है और न पढाई की सुविधा मिल रही है। वही दूसरी ओर गर्भवती महिलाओं को इन केन्द्रों से समय समय पर जो लाभ मिलना चाहिए था वही भी कोसो दूर दिखाई देने के साथ साथ मात्र कागजों पर चलते हुये देखने मिल रहा है? जबकि केन्द्रों के कागजों के हिसाब से देखा जावे तो उनकी खाना पूर्ति पूर्णरूप से होती रहती है, जिसके चलते ग्रामीणों का आरोप है कि महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारी, केंद्र प्रभारियों की सांठ गांठ से फर्जी बिल,आंकडे तैयार कर प्रतिवर्ष लाखों रूपए गोलमाल होना आम चर्चा बन चुका है? इस प्रकार से अनेक केंद्रों पर मनमर्जी इस प्रकार से देखने मिलती रही है कि आंगनबाडी केंद्र कब खुलते है और कब बंद होते है और इन केन्द्रो पर कितने बच्चे पढ़ाई करने के एलि पहुंचते है, जबकि कागजों के हिसाब से दर्ज संख्या के अनुसार बच्चों की प्रतिदिन उपस्थिति दिखाई देने से नही चूकती है, वही अधिकारियों की सच्चाई पर गौर किया जावे तो संबंधित विभाग के अधिकारियों द्वारा इनका निरीक्षण सिर्फ शासकीय गाड़ियों में घूमते हुए औपचारिकत पूर्ण ही देखने मिलता है?

## पॉलिथिन पर प्रतिबंध साबित हो रहा मात्र औपचारिकता पूर्ण, सरकारी कार्यालयों से लेकर अन्य जगहों पर धड़ल्ले से होते हुये देखा जा रहा है पन्नी का उपयोग

**हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।** प्रदेश सरकार द्वारा लगातार बढ़ रहे प्रदूषण पर अंकुश लगाने की सोच के चलते इस माह यानि की 1 जुलाई से पाँलीथिन की थैलियों के चलन पर प्रतिबंध लगा दिया गया है। किन्तु हकीकत यह है कि सरकार के उक्त निर्णय के बाद भी शहर के बाजार में पाँलीथिन की इन रंग बिरंगी थैलियों का चलने का सिलसिला थमने का नाम नही ले रहा है जिसको लेकर प्रशासन की उदासनता का परिणाम दिखाई पड़ रहा है। इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि नगर पालिका प्रशासन द्वारा इस प्रतिबंध को लागू करने के नाम पर शुरूआत दिनों में तो खूब एनाऊंसमेंट कराते हुये कुछ दुकानों पर छापेमार कार्यवाही की औपचारिकता निभाते हुये वरिष्ठ अधिकारियों को फोटो भेजकर वाही वाही लूटने में कोई कसर नही छोड़ी गई थी। मगर इस समय यह मुहिम नगर में मात्र औपचारिकता पूर्ण नजर आने से इसलिये नही चूक रही है कि आज भी लोगों को पॉलीथिन में चाय से लेकर अन्य प्रकार की सामग्री ले जाते हुये आसानी से देखा जा सकता है?

# उपभोक्ता दिवस के मौके पर अधिकारों के प्रति जागरूक करने के लिये शासन द्वारा नहीं किया गया कोई आयोजन..?

हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।



भले ही सरकार द्वारा शुद्व के लिये युद्व की कार्यवाही करने की बात कही जा रही है। मगर जिस प्रकार से दुकानों पर आम उपभोक्ता के साथ कार्य प्रणाली अपनाई जा रही है। इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान नही दिये जाने के कारण सरकार की इस मुहिम पर अपने आप ही ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है..? क्योंकि उपभोक्ता अपने अधिकारों से अनजान बना हुआ है। भले ही बीते हुये 24 दिसम्बर मंगलवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस था, जिसमें उम्मीद की जा रही थी कि शायद प्रशासन स्तर पर उपभोक्ताओं को अपने अधिकारों के प्रति जागरूक करने कई कार्यक्रम आयोजित किये जाने की उम्मीद की जा रही थी। मगर इस प्रकार से आम उपभोक्ताओं को जागरूक करने के लिये शासन प्रशासन द्वारा शहर में कोई भी आयोजन करना उचित नही समझा और रोज के तरह आम उपभोक्ता अपने अधिकारों से अनजान रहते हुये ठगते हुये महसूस करने से नही चूका..? क्योंकि बाजार में उपभोक्ताओं को मीठी बातों से ठग कथित मुनाफा खोर व्यापारी उपभोक्ताओं को खरीदी पर खरीदी गई बस्तुओं का पक्का बिल न देकर उनकी दुकानों पर लुटने के लिए फिर आने का निमंत्रण देते हुए नजर आये...? इस बात से इंकार नही किया जा सकता है कि अभी तक शहर और क्षेत्र के गांवों के उपभोक्ताओं में उनके अधिकारों को जानने का बोध नही हुआ है और बाजार के चतुर व्यापारियों तथा किसान उपयोगी सामग्री के विक्रेताओं तथा अनेक निजी संस्थानों में शोषित होने के बाद भी जिला उपभोक्ता फोरम में शिकायत लेकर जाने वाले क्षेत्र के सरल स्वभाव के उपभोक्ता का प्रतिशत न के बराबर होगा..? जिसका परिणाम है कि शहर से लेकर गांवों के बाजार में खुलेआम मिलावटी सामग्री जो सेहत को क्षति पहुंचाने वाली होती है तथा नकली इलेक्ट्रानिक सामन तो बिक ही रहा है। वही मजेदार तथ्य यह भी है कि खरीदी गई चीजों की तौल में फर्क तोलने वाले व्यापारियों की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होते हुए दिखाई दे रही है। मगर प्रशासन द्वारा इस ओर किसी भी प्रकार का ध्यान न देना जहां चिंता का विषय बना हुआ है? वही हालत यह है कि उपभोक्ता व्यापारियों को मुस्काराते हुए देख खरीदी गई वस्तुओं का पक्का बिल मांगना भूल रहे है। यही कारण है कि क्षेत्र में उपभोक्ताओं के साथ खुलेआम आम उपभोक्ता शुद्व के लिये युद्व की मुहिम के बाद लूट लीला में फंसने से नही बच पा रहा है और घरों में बिना मार्के के मिलावटी मसाले, आभूषण पहुंचा कर लोगों की अर्थ व्यवस्था डगमगा रहे है...? शहर के जागरूक लोगों का कहना है कि सालों से जिम्मेदार प्रशासन ने कोई ऐसी मुहिम नही चलाई गई है जिससे उपभोक्ताओं में अपने अधिकारों को हासिल करने के प्रति चेतना का संचार हो पता और वह अपने अधिकारों को समझ पाते और उनको यह अहसास हो सके कि बदले दौर में बाजार में लुटना सिर्फ उनकी नियति नही है। कुछ इसी प्रकार का हाल बीते हुये मंगलवार को राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस पर देखने मिला जब उपभोक्ताओं को उनके अधिकारो की जानकारी प्रदान करने के लिये शासन प्रशासन द्वारा किसी भी प्रकार का आयोजन करना उचित नही समझा और यह दिवस मात्र कलेण्डरों के पन्नों में पढ़ने के लिये ही साबित होते हुये जान पड़ा कि आज राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस है? यदि प्रशासन उपभोक्ताओं को जागरूक करने के औपचारिक कार्यक्रमों का आयोजन करते हुये उनके हक दिलाने की पहल करता तो निश्चित ही आम उपभोक्ताओं के लिए काफी खुशी का दिन साबित होने से नही चूकता? क्योंकि उपभोक्ताओं को इस बात का तक पता नही होगा कि यदि उसके साथ कोई चालाकी की जाती है तो उसकी शिकायत वह कहा करे और यदि कोई दर्ज रेट से भी अधिक रेट पर कोई सामग्री विक्रय करता है तो वह उसकी शिकायत किससे करे इन जानकारियों के आभाव में उपभोक्ता लगातार लूट रहा है।

# ओलंपियाड प्रतियोगिता में सैकड़ों छात्र छात्रायें हुई शामिल, जनशिक्षा केंद्र स्तर पर हुआ आयोजन







हरिभूमि न्यूज/गाडरवारा।

क्षेत्र के शासकीय विद्यालयों में अध्ययनरत कक्षा दूसरी से कक्षा आठवीं के विद्यार्थियों के लिए ओलम्पियाड जनशिक्षा केन्द्र स्तर पर प्रथम चरण की प्रतियोगिता बीते मंगलवार को आयोजित की गई। इसमें कक्षा दूसरी से कक्षा पांचवीं तक के विद्यार्थी के लिए प्रातः 11 बजे से दोपहर एक बजे तक दो घंटे एवं माध्यमिक स्तर की कक्षा छटवीं से कक्षा आठवीं की प्रतियोगिता प्रातः 11 बजे से दोपहर दो बजे तक तीन घंटे के लिए आयोजित की गईं। बताया जाता है कि इस प्रतियोगिता मे साईंखेड़ा ब्लॉक के आदर्श स्कूल व कन्या नवीन स्कूल गाडरवारा, सीएम राइज स्कूल साईंखेड़ा के आलवा आमगांव छोटा, पलोहा बड़ा, बम्होंरी कलां, बनवारी के जनशिक्षा केंद्रों पर नामांकित 2856 छात्र छात्राओं मे से 2655 उपस्थित एवं 201 अनुपस्थित रहे। इसी प्रकार चीचली ब्लॉक के जनशिक्षा केंद्रों उत्कृष्ट चीचली, सूखाखैरी, बारहाबड़ा, कठोतिया, तेंदूखेड़ा, शाहपुर, करपगाँव एवं सालीचौका मे नामांकित 3628 मे से 3485 छात्र छात्राओं ने सहभागिता की। इस प्रकार से बीते हुये मंगलवार क्रो विभिन्न केन्द्रो पर डाइट से व्याख्याता संजय शर्मा, शैलेश वर्मा, प्रभारी बीईओ एस के मिश्रा, बीआरसी डी के पटैल, संदीप स्थापक, बीएसी अरुण दुबे, मनीराम मेहरा, पवन राजोरिया सहित जनशिक्षकों ने निरीक्षण किया। इस आयोजन को लेकर सुबह से ही केंद्रों पर स्कूलों के बच्चे प्रतियोगिता मे शामिल होने उपस्थित होने लगे थे। परीक्षा उपरांत बच्चों क्रो कुछ केंद्रों पर भोजन भी करवाया गया। उल्लेखनीय है कि जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार ने सभी विकास खंड शिक्षा अधिकारी, विकास खंड स्रोत समन्वयकों को क्षेत्र के जन शिक्षा केंद्र स्तर पर आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने निर्देश दिए थे। इस प्रतियोगिता हेतु जनशिक्षा केन्द्र प्रभारी, जनशिक्षा केन्द्र स्तर प्रतियोगिता के केन्द्राध्यक्ष बनाये गए थे। जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी ने प्रतियोगिता में विद्यार्थियों की शत-प्रतिशत उपस्थिति सुनिश्चित कराने व परीक्षा में 20 परीक्षार्थियों पर एक परीक्षक रखने, समस्त परीक्षार्थियों को ओएमआर शीट का वितरण परीक्षा प्रारंभ होने के आधा घण्टे पहले अर्थात प्रातः 10:30 बजे करने के निर्देश दिए थे। ओलंपियाड प्रतियोगिता के सफल आयोजन के लिए विकास खण्ड स्तर पर नियंत्रण कक्ष बनाया गया था। प्रत्येक परीक्षा केंद्र के अवलोकन के लिए समस्त डाइट फैकल्टी, एपीसी, विकासखंड स्रोत समन्वयक, बीएसी व जन शिक्षकों को नियुक्त किया गया था।

## अवैध होडिंग्स लगा रहे शहर की सुन्दरता को ग्रहण

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।** इस समय देखा जा रहा है कि जहां क्षेत्र के जनप्रतिनिधियों द्वारा नगर में विकास की गंगा बहाते हुए नगर की सुन्दर बनाने में लगे हुए है। मगर वही दूसरी ओर नगर में जहां तहां लोगों द्वारा अपने निजी स्वार्थ के चलते होडिंग्स लगाते हुए नगर की सुन्दरता को ग्रहण लगाया जा रहा है? जबकि गौर किया जावे तो विगत कुछ समय पूर्व मा. उच्च न्यायालय द्वारा इस प्रकार से शहरों में जहां तहां लगे हुए होडिंग्स पर नपा प्रशासन को आदेश देते हुए कार्यवाही किये जाने का आदेश जारी किया गया था, जिसके चलते शुरूआती तौर पर तो नपा प्रशासन द्वारा नगर में जहां तहां लगे हुए होडिंग्सों पर कार्यवाही करते हुए उन्हें हटा दिया गया था। मगर चंद दिनों बात पुनः देखा जा रहा है कि लोगों द्वारा उन्ही स्थानों पर फिर अपने होडिंग्स खड़े कर दिये गये है, जिसके चलते जहां नगर की सुन्दरता को ग्रहण तो लग ही रहा है? वही दूसरी ओर सड़कों के किनारे नियम विरूद्व लगे हुए होडिंग्सों के चलते आम लोगों के लिए परेशानी का कारण भी बन रहे है? अनेक जगहों पर लगे हुए बड़े बडे होडिंग्सों की स्थिति इस प्रकार से बनी हुई है कि सड़कों पर यह सामने दिखाई देने वाली जगह को इस प्रकार से घेर लेते है कि वाहन चालक को सामने से आने वाला वाहन ही दिखाई नही देते है जिसके चलते सड़क दुर्घटनाओं की स्थिति निर्मित होने से इंकार नही किया जा सकता है?

**इश्तहार**

आम जनता को सूचित किया जाता है कि मेरे पक्षकार श्रीमती कल्पना कौरव पत्नी श्री प्रवीण कौरव, निवासी ग्राम चारगांवकलां, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) ने जीतलाल कौरव आत्मज श्री बुद्ध सिंह कौरव निवासी ग्राम चारगांवकला, तहसील गाडरवारा, जिला नरसिंहपुर (म.प्र.) के स्वामित्व की मौजा गोलगांव खुर्द नं.वं. 128, प.ह.नं. 78 रा.नि मं. चीचली, ब्लाक चीचली, तहसील गाडरवारा स्थित भूमि ख नं. 228 / 2 रकवा 1.186 हे.को क्रय करने का सौदा किया है। जिसकी रजिस्ट्री होना है। तथा मेरा पक्षकार इस इश्तहार प्रकाशन से 15 दिवस उपरांत कभी भी रजिस्ट्री करा सकता है। यदि किसी व्यक्ति, संस्था आदि जो उक्त सम्पत्ति में अपना हित रखता हो तो इस प्रकाशन दिनांक से 15 दिवस के अंदर मेरे कार्यालय में सम्पत्ति से संबंधित दस्तावेजों सहित उपस्थित होकर आपत्ति कर सकता है। समयाधि उपरांत मेरा पक्षकार उक्त सम्पत्ति का बेनामा रजिस्ट्री कराने स्वतंत्र रहेगा तथा मेरे पक्षकार की कोई जबाबदारी नहीं होगी। जिस हेतु यह इश्तहार प्रकाशित कराया जा रहा है।

( धनराज पटैल )
अधिवक्ता
सिविल कोर्ट गाडरवारा
मोबा. 9893735361

## खबर संक्षेप

### एसडीएम शहपुरा ने जनपद स्कूल का किया निरीक्षण



**डिंडोरी शहपुरा** - शहपुरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शहपुरा आईएएस एश्वर्य वर्मा ने मंगलवार के दिन जनपद स्कूल शहपुरा का औचक निरीक्षण कर वहा वितरित हो रहे एमडीएम में बनी खीर को खाकर उसकी गुणवत्ता को परखा साथ ही स्कूल की प्रधान अध्यापिका को प्रतिदिन एमडीएम खाकर उसकी गुणवत्ता को परखने के लिए कहा साथ ही मेन्यू के अनुसार बच्चो को भोजन मिल रहा है कि नहीं इसका ध्यान रखने के लिए निर्देशित किया ,एसडीएम वर्मा ने बच्चो के साथ संवाद भी किया साथ ही उनके पढाई के बारे में जाना इस दौरान राजस्व टीम,पटवारी सोहन श्याम मौजूद रहे ।

### एसडीएम शहपुरा ने किया सामुदायिक स्वास्थ्य क्रेन्द्र शहपुरा का निरीक्षण



**शहपुरा।** शहपुरा अनुविभागीय अधिकारी राजस्व शहपुरा आईएएस ऐश्वर्य वर्मा ने मंगलवार के दिन सामुदायिक स्वास्थ्य क्रेन्द्र शहपुरा का निरीक्षण किया इस दौरान श्री वर्मा ने भर्ती वार्ड देखा जहां भर्ती मरीजो से सुविधाओ के बारे में चर्चा इसके बाद प्रसूति वार्ड ,एनसी वार्ड ,पीएनसी वार्ड ,पैथालाजी भी देखा साथ ही सी टी स्कैन स्थापित करने के लिए कमरा भी देखा ,सीबीएमओ सतेन्द्र परस्ते ने परिसर में स्थित जर्जर भवनो को डिस्मेंटल करने के लिए भी दिखाया आखिर में पूरे परिसर को बाहर से घूमकर देखा इस दौरान राजस्व टीम मौजूद रहे ।

### राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस का हुआ आयोजन



**डिंडोरी।** मंगलवार को कलेक्ट्रेट ऑडीटोरियम हाल में राष्ट्रीय उपभोक्ता दिवस शासन निर्देशानुसार कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन एवं संयुक्त कलेक्टर और प्रभारी अधिकारी खाद्य शाखा एवं जिला आपूर्ति अधिकारी ए के श्रीवास्तव के मार्गदर्शन में मनाया गया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि अखिल भारतीय ग्राहक पंचायत डिंडोरी से अनिल अवधिया तथा कान्हा प्रश्रानी रहे। आयोजित कार्यक्रम में अतिथियों ने बताया, कि भारत उपभोक्ता अधिकारों और जिम्मेदारियों के बारे में जागरूकता बढ़ाने के लिए हर साल 24 दिसंबर को राष्ट्रीय उपभोक्ता अधिकार दिवस मनाता है। उपभोक्ता के तौर पर अधिकारों को जानना बहुत जरूरी है, जबकि बाजार को कुछ नैतिकता और मूल्यों पर चलना चाहिए, अगर हम अपने अधिकारों के बारे में अच्छी तरह से नहीं जानते,तो कभी-कभी लोग हमारा शोषण कर सकते हैं। अधिकारों के बारे में जागरुकता हमें एक ग्राहक के तौर पर अपने लाभों को अधिकतम करने और बाजार में वस्तुओं और सेवाओं के नैतिक प्रवाह को सक्षम करने में मदद करती है। बैठक में उपस्थित उपभोक्ताओ ने कार्यक्रम में उपभोक्ता मामलो की जानकारी प्राप्त की ।कार्यक्रम में मंच संचालन सेवानिवृत बी इ ओ राजेश परस्ते ने किया। खाद्य औषधि प्रसाधन विभाग प्रभा टेकाम, डिंडोरी गैस एजेंसी से राकेश राव, नापतौल विभाग से निरपत कीर,कलेक्ट्रेट परिसर से विभिन्न विभागों के स्टाफ खाद्य विभाग से कनिष्ठ आपूर्ति अधिकारी श्री शमीम खान,ऑपरेटर्स चंद्रेश मरावी, अजय दुबे, उदय मरावी, रामेश्वर मांडवे, देवेंद्र कुशराम एवं खाद्य, सहकारिता,कृषि एवं गैस एजेंसी,पेट्रोल पम्प से संचारक, प्रबंधक एवं गणमान्य उपभोक्तागण उपस्थित रहे है।

# मुआवजा परिसम्पत्ति, सर्वे आदि कार्य शीघ्र पूरे किए जाएं

## सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते की अध्यक्षता में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभागार में जिला विकास समन्वय और निगरानी समिति (दिशा) की बैठक आयोजित की गई।

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी ।



उक्त बैठक में शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे, डिंडौरी विधायक ओमकार मरकाम, जिला पंचायत अध्यक्ष रूद्रेश परस्ते, भाजपा जिला अध्यक्ष अवधराज बिलैया, सांसद प्रतिनिधि नरेन्द्र राजपूत, जनपद पंचायत अध्यक्ष डिंडौरी आशा सिंह, जनपद पंचायत अध्यक्ष शहपुरा प्रियंका आर्मो, जनपद पंचायत अध्यक्ष करंजिया चरण सिंह धुर्वे, कलेक्टर हर्ष सिंह, पुलिस अधीक्षक श्रीमती वाहनी सिंह, डीएफओ पुनीत सोनकर, सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर सहित अन्य जनप्रतिनिधि और अधिकारीगण उपस्थित रहे। सांसद फग्गन सिंह कुलस्ते ने बैठक में नर्मदा विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, स्वास्थ्य विभाग, लोक निर्माण विभाग, पीएमजीएसवाय, प्रधानमंत्री जनमन योजना, वन विभाग, पशुपालन विभाग सहित अन्य विकासात्मक कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। जिसमें अपर नर्मदा परियोजना कार्य की जानकारी में बताया गया कि टोपोग्राफीकल सर्वे का कार्य पूर्ण कर लिया गया है। डूब प्रभावित कृषकों एवं परिसम्पत्तियों का सर्वेक्षण कार्य प्रगतिरत है। शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे ने कहा कि सभी जन को बांध का समर्थन करना चाहिए इसके लिए लोगों को बांध के लाभ के बारे में बताया जाए। उन्होंने कहा कि मुआवजा परिसम्पत्ति, सर्वे आदि कार्य शीघ्र पूरे किए जाएं। सांसद श्री कुलस्ते ने कहा कि संबंधित विभाग उचित सर्वे कर वास्तविक स्थिति बताएं कि बांध निर्माण से कितने ग्राम प्रभावित हो रहे हैं, पूर्णतः और आंशिक रूप से डूब क्षेत्र में आने वाले ग्रामों का सर्वे कर ग्रामीण स्तर तक जनप्रतिनिधियों के साथ मिलकर सहमति बनाएं। लोगों को बांध के प्रति जागरूक करें। उन्होंने कहा कि आंशिक रूप से डूब क्षेत्र में आने वाले संभावित ग्रामों में निर्माण कार्यों को सतत रूप से किया जाए। इसी प्रकार से राघोपुर एवं बसनिया बहुउद्देशीय परियोजना की विस्तार से जानकारी दी गई। शहपुरा विधायक श्री ओमप्रकाश धुर्वे ने बिलगढ़ा और देवरगढ़ बांध में उचित कार्यवाही के लिए संबंधित विभागों को निर्देश दिए। डिंडौरी विधायक श्री ओमकार मरकाम ने कहा कि बांध द्वारा की जाने वाली विद्युत निर्माण के संबंध में जिले को प्राथमिकता दी जाए। सांसद श्री कुलस्ते ने उक्त परियोजनाओं की कार्यप्रगति में तेजी लाने के संबंध में आवश्यक दिशा निर्देश दिए। सांसद कुलस्ते जल संसाधन विभाग के कार्यों की समीक्षा की। उन्होंने विभागीय योजनाओं की भौतिक तथा वित्तीय प्रगति की जानकारी ली। जिसमें वृहद परियोजना, मध्यम परियोजना सहित अन्य जलाशयों पर प्रगतिरत कार्यों को समय सीमा में पूरा करने के निर्देश दिए। शहपुरा विधायक श्री धुर्वे ने मुड़की जलाशय के तहत नहर कार्य को पूर्ण करने के संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। सासंद श्री कुलस्ते ने कहा कि संबंधित अधिकारी जनप्रतिनिधियों के साथ बांध का संयुक्त निरीक्षण करें। स्वास्थ्य विभाग की समीक्षा करते हुए सिकिल सेल और एनीमिया के उपचार एवं रोकथाम के लिए जिले में किए जा रहे प्रयासों की जानकारी ली। साथ ही आयुष्मान कार्ड की प्रगति में तेजी लाने के संबंध में लक्ष्य को पूरा करने को कहा है। जिससे सभी पात्र हितग्राही भारत आयुष्मान कार्ड का स्वास्थ्य लाभ ले सकें। शहपुरा विधायक श्री ओम्रपकाश धुर्वे ने जिला अस्पताल और अन्य स्वास्थ्य केन्द्रों में स्वच्छता बेहतर करने के लिए निर्देशित किया। उन्होंने कहा कि जिला चिकित्सालय के अधीक्षक पर कार्यवाही की जाए, जिसके लिए सीएमएचओ प्रस्ताव प्रस्तुत करें। सांसद श्री कुलस्ते ने स्वास्थ्य केन्द्रों में व्यवस्थाऐं ठीक करने के लिए आवश्यक निर्देश दिया। लोक निर्माण विभाग के कार्यों की समीक्षा की। जिसमें उन्होंने समनापुर से बजाग, गोपालपुर से चाड़ा, मक्के से जमगांव, बिलगढ़ा से जवेदा स्कूल तक, जबलपुर से अमरकंटक, करंजिया से गारकामट्टा, बिछिया से कुटरई और कोहानी देवरी से मानिकपुर मार्ग की प्रशासकीय स्वीकृति भौतिक प्रगति और वित्तीय प्रगति की विस्तार से जानकारी लेते हुए तत्संबंध में आवश्यक निर्देश दिए। विभिन्न विभागों में चल रहे लोक निर्माण विभाग के निर्माण कार्यों के बारे में जाना। उन्होंने लंबित निर्माण कार्यों को नियत समय में पूरा करने के निर्देश दिए। कुलस्ते ने प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के स्वीकृत, प्रगतिरत एवं पूर्ण कार्यों की विस्तार से समीक्षा की। जिसमें म.प्र. ग्रामीण सडक विकास प्राधिकरण, प्रधानमंत्री ग्राम सडक योजना, प्रधानमंत्री जनमन योजनान्तर्गत निर्माण कार्य, संधारण कार्य और प्रधानमंत्री जनमन योजना अंतर्गत सम्मिलित विभागों के कार्यों की जानकारी ली। उन्होंने वन विभाग अंतर्गत वृक्षारोपण, वित्तीय वर्ष 2024-25 में कार्ययोजनाओं के क्रियान्वयन, किए गए वृक्षारोपण की सूची, अनुभूति कार्यक्रम, विगत तीन वर्षों में तेंदुपत्ता संग्रहण की जानकारी लेते हुए आगामी सत्र एवं दिए गए लक्ष्यों के लिए योजनाबद्ध तरीके से कार्य करने के निर्देश दिए। सांसद श्री कुलस्ते ने लंबित निर्माण कार्यों के संबंध में कहा कि संबंधित विभाग समय सीमा में कार्य पूर्ण नहीं करने वाले ठेकेदारों पर पैनाल्टी लगाएं और रिपोर्ट प्रस्तुत करें। उन्होंने प्रधानमंत्री जनमन योजना सहित अन्य शासकीय योजनाओं के क्रियान्वयन के संबंध में कहा कि जनप्रतिनिधियों के साथ समन्वय बनाकर प्रत्येक व्यक्ति तक योजनाओं का लाभ पहुंचाएं, योजनाओं से किसी कारण वंचित रहे लोगों तक शासन की योजनाओं का लाभ पहुंचाएं।

वन विभाग के तहत वन रेंजों में रूकने की व्यवस्था, चाडा का विस्तार करने के संबंध में निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तरों पर अधोसंरचना में सुधार करें और साफ-सफाई पर ध्यान दें। पशुपालन विभाग अंतर्गत संचालित योजनाओं और विभागीय कार्यों की प्रगति की समीक्षा की। उन्होंने गौशालाओं, बकरी इकाई, बैकयार्ड कुक्कुट इकाई, कडकनाथ इकाई, राष्ट्रीय पशुधन मिशन, आचार्य विद्यासागर गौसंवर्धन योजना के बारे में जानकारी ली और भौतिक एवं वित्तीय लक्ष्यों के संबंध में निर्देश भी दिए। उन्होंने कहा कि जनपद स्तरों तक पशुपालन और ऋण प्रदाय योजनाओं के बारे में लोगों को जागरूक करें। एलडीएम सभी बैंकों के माध्यम से योजनाओं द्वारा दिए जा रहे ऋण को उपलब्ध कराते हुए, योजनाओं का लाभ जन जन तक पहुंचाएं।



## कृषि विभाग शहपुरा ने किसानों के साथ मनाया किसान दिवस

### किसानों को दी गई कृषि से संबंधित जानकारी

हरिभूमि न्यूज शहपुरा

सरकार द्वारा किसानों को दी जाने वाली सुविधाओं की जानकारी एवं जागरूक बनाने के उद्देश्य से कृषि विभाग द्वारा संयुक्त रूप से किसान दिवस के रूप में मनाया गया। जिसमें भारी संख्या में किसानों सहित जनप्रतिनिधि व संस्था के कार्यकर्ता मौजूद रहे। कृषि अधिकारी गुमान सिंह के द्वारा किसानों को बताया गया कि बिना जुताई के सीधे बुवाई हैप्पीसीडर यंत्र के द्वारा करने से कम लागत में ज्यादा पैदावार किया जा सकता है । शाहपुरा क्षेत्र में हैप्पी सीडर से किसानों द्वारा फसल बोई गई किसानों को जाकर के दिखाया गया और किसानों को जागरूक किया गया। शहपुरा नगर के कृषि विभाग के द्वारा संयुक्त रूप से किसान दिवस मनाया गया। आयोजित कार्यक्रम में कृषि अधिकारी गुमान सिंह चौहान (कृषि विभाग) ने किसानो को जागरूक करते हुए बताया कि सरकार द्वारा किसानों के लिये अनेक लाभकारी योजनाए चलाई जा रही हैं, जिसमें किसान सम्मान निधि, किसान दुर्घटना बीमा, मिट्टी की जांच, उन्नत बीजों एवं उर्वरकों की उपलब्धता जैसी सुविधायें शामिल हैं, लेकिन जानकारी किसान जानकारी के अभाव में इन अगल सुविधाओं का लाभ नही ले पाते। कृषि अधिकारी गुमान सिंह ने अधिक से अधिक किसानों को सरकारी सुविधाए लेने की अपील की।

## मंगलवार को जनसुनवाई में प्राप्त 41 आवेदनों की हुई सुनवाई

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी।



कलेक्टर हर्ष सिंह के निर्देशन में मंगलवार को कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में जनसुनवाई आयोजित कर लोगों की समस्याएं सुनी गई। आवेदकों द्वारा विभिन्न समस्याओं के 41 आवेदन प्रस्तुत किए, जिनका त्वरित निराकरण किया गया। जिन आवेदन पत्रों का निराकरण नहीं हो पाया, उनके लिए आवेदकों को समय सीमा दी गई। जनसुनवाई में सीईओ जिला पंचायत अनिल कुमार राठौर, संयुक्त कलेक्टर भारती मेरावी सहित अन्य अधिकारी भी उपस्थित रहे। जनसुनवाई में ग्राम शाहपुर निवासी प्रदीप साहू ने आवेदन प्रस्तुत बताया कि अन्य व्यक्तियों के द्वारा अवैध कब्जा कर दुकान संचालित किया जा रहा है, जिससे आवगमन अवरूद्ध होता है। उन्होंने कब्जा हटवाने की मांग की। उक्त आवेदन का निराकरण करने हेतु शाहपुर तहसीलदार को निर्देशित किया गया। इसी प्रकार से ग्राम बहेरा निवासी सुरेश सिंह ने आवेदन प्रस्तुत कर बताया कि उसके द्वारा बिजली बिल भुगतान रीडर की सहमति से उसे नगद कर दिया गया है, किन्तु रीडर बिजली का बिल जमा नहीं किया है। सुरेश सिंह ने रीडर को दिये नगद रूपए से उसके घर का बिजली भुगतान कराने की मांग की। ग्राम जुनवानी के ग्रामीणों ने आवेदन प्रस्तुत कर ग्राम पंचायत के वार्ड क्रमांक 2 में नलजल के कार्य को पूरा कर संचालित कराने की मांग की, जिससे रहवासियों को पेयजल उपलब्ध हो सके। राई टोला वनग्राम रानीबुढ़ार ग्राम पंचायत सारसताल में मिनी आंगनवाड़ी केन्द्र खुलवाने हेतु राईटोला के रहवासियों ने मिनी आंगनवाडी केन्द्र खुलवाने की मांग की है। उनके द्वारा बताया गया कि राईटोला में छोटे बच्चों की संख्या 29 है इन बच्चों को 3 किलोमीटर दूर नदी नाले से होकर आंगनवाडी केन्द्र जाना पडता है जिससे परेशानी होती है। सारसताल के ग्रामीणों ने वनग्राम राम्हेपुर में निर्माणाधीन चेकडेम के निर्माण कार्य को गुणवत्ताहीन बताया है, ग्रामवासियों ने निर्माण कार्य की जांच कराने की मांग की है। जनसुनवाई मे प्राप्त सभी आवेदन पत्रों पर त्वरित कार्यवाही हेतु संबंधित विभाग प्रमुखों को निर्देशित किया गया। जनसुनवाई में राजस्व विभाग, पंचायत एवं ग्रामीण विकास विभाग, जल संसाधन विभाग, लोक स्वास्थ्य यांत्रिकी विभाग, जनजातीय कार्य विभाग, स्वास्थ्य विभाग, विद्युत विभाग, श्रम विभाग, महिला एवं बाल विकास विभाग, शिक्षा विभाग और खाद्य आपूर्ति विभाग से संबंधित पेयजल, भूमि सीमांकन, प्रधानमंत्री आवास योजना, प्रधानमंत्री जनमन आवास योजना, उपचार सहायता आदि के आवेदनों का त्वरित निराकरण किया गया।

## अमरपुर ने क्वार्टर फाइनल में अझवार को हराकर किया सेमीफाइनल में प्रवेश

### 6 विकेट हासिल करने वाले प्रदीप वनवासी बने मैन ऑफ दा मैच

हरिभूमि न्यूज अमरपुर।



जनपद पंचायत मुख्यालय अमरपुर में यंग स्टार स्पोर्ट्स क्लब अमरपुर के तत्वाधान में स्व. लोकमन साहू खेल मैदान में आयोजित टी 20 लेदर बॉल क्रिकेट प्रतियोगिता के अखिरी क्वार्टर फाइनल मुकाबले में वाईएससी अमरपुर एवं अझवार बंटौधा के मध्य मैच खेला गया। जिसमें अमरपुर ने टांस जीतकर पहले बल्लेबाजी करने का फैसला लिया। अमरपुर के सलामी बल्लेबाज अमजद खान एवं पीतांबर मरावी ने 6 ओवर के पावर प्ले में ही 80 रन बनाए। अमजद ने 56 रनों की शानदार अर्धशतकीय पारी खेली वहीं पीतांबर ने महत्वपूर्ण 49 रन, भगवान परस्ते 26 रन, राहुल जायसवाल 22 रन, लकी अली 21 रन व शाहिद तुर्क ने अपने टीम के लिए 17 रनों की पारी खेली। अमरपुर ने अपने निर्धारित 20 ओवरों में 5 विकेट खोकर 226 रन बना कर इस वर्ष का सबसे बड़ा स्कोर खड़ा किया। वहीं अझवार टीम जबावी पारी खेलते उतरी और 16 ओवरों में 117 रनों पर ही सिमट गई। अमरपुर के लिए गेंदबाजी करते हुए प्रदीप वनवासी ने अपने 4 ओवर में घातक गेंदबाजी करते हुए प्रतियोगिता का पहला हैट्रिक के साथ शानदार 6 विकेट हासिल किए वहीं पीतांबर और राहुल को 2-2 विकेट मिले। प्रदीप वनवासी को उनके बेहतरीन गेंदबाजी प्रदर्शन पर अतिथियों द्वारा मैन ऑफ दा मैच का पुरस्कार दिया गया।

## सुशासन सप्ताह और जनकल्याण पर्व के तहत जिले में जनशिविर आयोजित



**हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।** सुशासन सप्ताह और जनकल्याण पर्व के तहत जिले में लगातार जनशिविर आयोजित किये जा रहे है, इसी क्रम में आज शहपुरा विधायक ओमप्रकाश धुर्वे शासन की योजनाओं को धरातल पर साकार करने के उद्देश्य से डिंडौरी जिले की ग्राम ग्वारा ग्राम पंचायत सारंगपुर पड़रिया, ग्राम सहजपुरी में आयोजित मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान शिविर में शामिल हुए। विधायक धुर्वे ने कन्या पूजन और सरस्वती पूजन कर शिविर का शुभारंभ किया।उन्होंने ग्राम सहजपुरी में परकुलेशन टैंक निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया, उक्त कार्य का निर्माण 9.37 लाख रूपए की लागत से मनरेगा मद से किया जा रहा है। ग्राम पंचायत सारंगपुर पडरिया में नवीन तालाब निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया। आयोजित शिविर को संबोधित करते हुए शहपुरा विधायक श्री धुर्वे ने ग्रामीणों को शासन की योजनाओं के बारे विस्तृत जानकारी दी। उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं से किसी कारणवश कोई लाभार्थी वंचित रह गया है,वह जनशिविर के माध्यम से शासन की योजनाओं का लाभ ले सकता है, जनकल्याण पर्व में सभी विभागों की योजनाओं के आवेदन प्राप्त किये जा रहे है। कल सुशासन दिवस का आयोजन किया जाएगा, जो हमें प्रशासन आपके द्वार की अवधारणा को साकार रूप देने के लिए प्रतिबद्ध करता है। भारत सरकार एवं म.प्र. सरकार की चिन्हित हितग्राही मूलक योजनाओं में शत-प्रतिशत सेचुरेशन एवं आमजन तक शासन की योजनाओं का लाभ सुनिश्चित कराने के उद्देश्य से जिले में मुख्यमंत्री जनकल्याण अभियान 11 दिसम्बर 2024 से प्रारंभ होकर 26 जनवरी 2025 तक आयोजित किया जा रहा है। उक्त अभियान के तहत सुशासन की संकल्पना को पूरा किया जा रहा है। विधायक धुर्वे ने आयोजित शिविर में शासन की विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं से पत्र हितग्राहियों को हित लाभ का वितरण किया। शिविर के माध्यम से हितग्राहियों के विभिन्न योजनाओं के आवेदन भी स्वीकृत किये गए। जन कल्याण पर्व के तहत जनप्रतिनिधि और ग्रामीण अपनी सहभागिता निभाते हुए बड़ी संख्या में शिविरो में शामिल हो रहे हैं।

## आकांक्षी विकासखण्ड बजाग में स्वास्थ्य सेवाओं में हो रहा सुधार

### एक्स-रे सेवा बहाल, टिटनेस इंजेक्शन की समस्या हल और एनआरसी सेवाओं में बड़ा बदलाव , सालों से बंद पड़ी एक्स रे मशीन चालू

हरिभूमि न्यूज डिंडोरी

डिंडोरी जिले के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बजाग में हाल ही में स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण कदम उठाए गए हैं। इनमें 12 साल बाद एक्स-रे सेवा की बहाली, 8 साल से चली आ रही टिटनेस इंजेक्शन की कमी का समाधान, और पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC) में सेवाओं का सुधार शामिल है। इन बदलावों के पीछे CHC बजाग के पूर्व प्रभारी ब्लॉक मेडिकल ऑफिसर (BMO) डॉ. विपिन सिंह, डॉ. राजेश्वर ठाकुर, और उनकी टीम की मेहनत और समर्पण है। सितंबर 2024 को BMO का कार्यभार मिला, फिर भी अल्प समय में बड़ी उपलब्धियां। इस दौरान उन्होंने स्वास्थ्य केंद्र को बेहतर बनाने के लिए दिन-रात काम किया। हालांकि, 22 नवंबर 2024 को यह जिम्मेदारी डॉ. दीपेंद्र धुर्वे को सौंप दी गई, जो वर्तमान में बजाग CHC के प्रभारी BMO हैं। किंतु वह विवादों के चलते अपनी उपस्थित निरंतर वहां नहीं दे रहे है।



आकांक्षी विकासखण्ड बजाग में सभी विभागों की स्थिति सुधार एवं हितग्राहियों को लाभ दिलाने के लिए नीति आयोग दिल्ली से आकांक्षी ब्लॉक में फेलो की नियुक्तियां की गई हैं। डॉ विकास जैन आकांक्षी ब्लॉक फेलो बजाग एवं डॉ विपिन सिंह, लल्ला यादव के समन्वय से 2012 से बंद पड़ी एक्स-रे सेवा को दोबारा चालू कराया। इसके अलावा, अस्पताल में बिजली की समस्याओं को भी हल कर दिया, जिससे मरीजों और कर्मचारियों को राहत मिली।टिटनेस इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित 8 वर्षों से CHC बजाग में टिटनेस इंजेक्शन की अनुपलब्धता की समस्या बनी हुई थी। मरीजों को इसे निजी बाजार से खरीदना पड़ता था। डॉ. विपिन और उनकी टीम ने इस समस्या को हल कर अस्पताल में टिटनेस इंजेक्शन की उपलब्धता सुनिश्चित की, जिससे मरीजों को बड़ा फायदा हुआ। एनआरसी सेवाओं में सुधारः बच्चों के लिए बेहतर माहौल पोषण पुनर्वास केंद्र (NRC) में गंभीर कुपोषित बच्चों के इलाज को बेहतर बनाने के लिए कई महत्वपूर्ण सुधार किए।सभी के प्रयासों से NRC में एक दोस्ताना और आरामदायक माहौल तैयार किया गया, जिससे बच्चों की देखभाल और उपचार में सुधार हुआ।

### इनका कहना है

"स्वास्थ्य सेवाओं को बेहतर बनाना मेरी पहली प्राथमिकता रही। एक्स-रे सेवा को फिर से शुरू करना, टिटनेस इंजेक्शन की समस्या को हल करना, और **NRC** में बच्चों के लिए अनुकूल वातावरण तैयार करना मेरी टीम के प्रयासों का नतीजा है। मुझे गर्व है कि हमने मरीजों और उनके परिवारों के लिए राहत प्रदान की।"उन्होंने आगे कहा, "हालांकि मेरा कार्यकाल छोटा था, लेकिन हमने टीमवर्क से कई महत्वपूर्ण समस्याओं का समाधान किया। मुझे विश्वास है कि **CHC** बजाग में ये सुधार आने वाले समय में मरीजों और समुदाय के लिए फायदेमंद साबित होंगी।

**डॉ. विपिन सिंह**

**खबर संक्षेप**

### मुआरघाट से दुभा घाट तक आज से पंचकोशी परिक्रमा यात्रा



**गोटेगांव।** स्थानीय मां नर्मदा पंचकोशी सेवा समिति द्वारा मां नर्मदाजी की एक दिवसीय पंचकोशी परिक्रमा मुंआरघाट से दुभाघाट तक की 25 दिसंबर दिन बुधवार को मां नर्मदा दक्षिण तट मुंआरघाट से सुबह 9 बजे पूर्ण विधि विधान मंत्रोच्चारण से पूजन अभिषेक आरतीवंदन कर भजन कीर्तन करते हुए प्रारंभ होकर दुभाघाट में माताजी का पूजनकर नौका से पार होकर मुआरघाट उत्तर तट पर माताजी का पूजन अर्चन करने के उपरांत नौका के माध्यम से पार कर दक्षिणतट पर जगत जननी मां नर्मदामैयाजी का पूजन अभिषेक श्रृंगार दीपदान हवन भोग लगाकर माताजी की महा आरती की जावेगी तत्पश्चात मां नर्मदा पंचकोशी सेवा समिति एवं समस्त भक्तों के सहयोग से विशाल भंडारा समय दोपहर 2 बजे से 5 तक कराया जाएगा आप सभी धर्मप्रेमी भक्तजनों श्रद्धालु बंधुओं एवं सबपरिवार इष्ट मित्रों सहित इस पावन पुण्य पवित्र कार्य में शामिल होकर माताजी के दर्शन परिक्रमा कर अपने जीवन को धन्य बनाने की अपील मां नर्मदा पंचकोशी सेवा समिति गोटेगांव ने की है, यात्रा में मुआरघाट तक आने-जाने की व्यवस्था स्वयं की रहेगी

### 9 जन शिक्षा केंद्रों पर आयोजित हुई ओलंपियाड परीक्षा



**तेंदूखेड़ा।** बच्चों के तार्किक और सामाजिक ज्ञान को बढ़ावा देने के लिए ओलंपियाड परीक्षा को लेकर चांवरपाठा विकासखंड के 9 जनशिक्षा केंद्रों के अंतर्गत नामांकित 3628 छात्र छात्राओं में 160 छात्र छात्राएं अनुपस्थित रहे। हमारे प्रतिनिधि को मिली के अनुसार सभी जनशिक्षा केंद्रों पर निर्धारित समय से आधा घंटा पूर्व सभी छात्राओं को रोल नंबर अनुसार बैठाया गया। जन शिक्षा केंद्रों पर प्रत्येक कक्ष में रोल नंबर चश्पा कर दो दो पर्यवेक्षक प्रतिकक्ष में नियुक्त किए गए थे। सभी जन शिक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण रूप से संपन्न हुई। डोभी जन शिक्षा केंद्र पर चिन्हित 344 नामांकित बच्चों में से 22 बच्चे अनुपस्थित पाए गए। इसी तरह तेंदूखेड़ा कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय परिसर में चिन्हित 486 छात्रों में से 468 छात्र शामिल हुए 18 छात्र अनुपस्थित पाए गए।परीक्षा उपरांत सभी बच्चों को एक विशेष भोज का भी आयोजन केंद्र पर मध्यान भोजन स्व सहायता समूह द्वारा कराया गया।

52 जन शिक्षा केंद्र पर दो पारी में आयोजित प्रतियोगिता

# ओलंपियाड में 20 हजार से अधिक विद्यार्थी हुए शामिल

### 707 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस जिले मे ओलंपियाड प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। जिले के सभी 52 जन शिक्षा केन्द्रों पर दो पाली में प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें जिले के इसमें पंजीकृत 21 हजार 383 प्रतिभागी में से 20 हजार 676 प्रतिभागी सम्मिलित हुए। उक्त प्रतियोगिता कलेक्टर श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में सत्र 2024- 25 ओलंपियाड प्रतियोगिता संपन्न हुई जिसमे प्राथमिक स्कूल मे अध्ययनरत विद्यार्थी शामिल हुये। प्राथमिक स्तर पर कक्षा दूसरी व तीसरी में हिंदी, अंग्रेजी, गणित, चौथी व पांचवी कक्षा में हिंदी, अंग्रेजी, गणित एवं पर्यावरण, माध्यमिक स्तर में कक्षा छठवीं से आठवीं में हिंदी, अंग्रेजी, संस्कृत, गणित, विज्ञान एवं प्रश्न मंच सम्मिलित विषयों की प्रतियोगिता परीक्षा ओएमआर शीट पर संपन्न हुई।

### योजनाओं की दी जानकारी

जिले में 52 जन शिक्षा केंद्र पर दो पारी में आयोजित ओलंपियाड प्रतियोगिता का जिला स्तर निरीक्षण दल द्वारा अवलोकन किया गया। करेली विकासखंड के अंतर्गत जिला परियोजना समन्वयक डॉ. आरपी चतुर्वेदी व एपीसी मनीष चैकसे ने जनशिक्षा केंद्र निवारी व बालक हायर सेकेण्डरी आमगांव बड़ा के परीक्षा केंद्रों का अवलोकन किया। अवलोकन के दौरान शासकीय बालक हायर सेकेण्डरी विद्यालय आमगांव बड़ा में प्रतियोगिता में सहभागी विद्यार्थियों के पालक एवं संबंधित संस्था के शिक्षक को शासन की जनकल्याण



योजना अंतर्गत छात्र- छात्राओं को मिलने वाली सुविधाओं के बारे में बताया। इस दौरान विकासखंड स्रोत समन्वयक प्रमेंद्र सिंह जाट व बीएसी अजीत सिंह जाट मौजूद थे।

### प्राथमिक कक्षा के विद्यार्थी हुए शामिल

जिले की विकासखंड सांईखेड़ा के सात केंद्रों पर प्राथमिक स्तर के कक्षा दूसरी व कक्षा तीसरी के 783 प्रतिभागी में से 689, कक्षा चैथी व कक्षा पांचवीं के 808 में से 765, माध्यमिक स्तर के 1265 में से 1201, नरसिंहपुर में 10 केंद्रों पर प्राथमिक स्तर के कक्षा दूसरी तीसरी के 1232 में से 1193, कक्षा चैथी व पांचवी की 1300 में से 1280, माध्यमिक स्तर में 1771 में से 1749, करेली के सात केंद्रों पर प्राथमिक स्तर में कक्षा पहली व दूसरी के 900 में से 805 एवं कक्षा चैथी पांचवी के 893 में से 842 ,माध्यमिक स्तर के 1331 में से 1292, गोटेगांव के 11 केंद्रों पर प्राथमिक स्तर में कक्षा दूसरी व तीसरी के 1070 में से 1070 एवं कक्षा चैथी व पांचवी में 1183 में से 1183 एवं माध्यमिक स्तर में 1656 में से 1654, चीचली के आठ केंद्रों पर कक्षा दूसरी व तीसरी के 972 में से 938, कक्षा चैथी व पांचवी में 992 में से 984 व माध्यमिक स्तर में 1599 से 1563 और चांवरपाठा के नौ केन्द्रों पर कक्षा पहली- दूसरी के 1047 में से 964, कक्षा चैथी पांचवी के 1109 में से 1074 एवं माध्यमिक स्तर की 1472 में से 1430 प्रतिभागियों ने ओलंपियाड प्रतियोगिता में हिस्सा लिया।

### 707 विद्यार्थी रहे अनुपस्थित

जिले मे आयोजित की गई ओलंपियाड प्रतियोगिता मे कुल 21383 विद्यार्थी पंजीकृत किये गये थे जिसमें 206676 विद्यार्थी शामिल हुये। परीक्षा केंद्र सिंहपुरबड़ा में 450 में से 9, निवारी पान में 430 में से 16, आमगांवबडा में 484 में से 15 परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे। जिला परियोजना समन्वयक द्वारा अवलोकन के दौरान बच्चों से प्रतियोगिता के अनुभव साझा कर उनका उत्साह वर्धन किया। अन्य परीक्षा केंद्रों का डाइट प्राचार्य, व्याख्याता, समस्त विकासखंड स्रोत समन्वयक, एपीसी, बीएसी, जन शिक्षक द्वारा केंद्रों का सतत अवलोकन किया गया। सभी जनपद शिक्षा केंद्रों द्वारा प्रतियोगिता में सहभागी छात्र-छात्राओं को भोजन की व्यवस्था की गई थी।

## छात्र-छात्राओं ने भ्रमण कर जानी कार्य योजना



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा के व्यावसायिक शिक्षा भ्रमण के अंतर्गत आईटी एवं एग्रीकल्चर के छात्र-छात्राओं ने रानी अवंती बाई सागर बरगी डैम की कार्य योजना एवं प्रशासनिक एवं कर्मचारियों की कार्य प्रणाली को विस्तार से जाना। जिसमें बिजली उत्पादन एवं नहर योजना सम्मिलित थी। इस सफलतापूर्वक एवं व्यवस्थित आयोजन की रूपरेखा प्राचार्य एस के बक्शी सहायक शिक्षक जेपी कोरी राजेश सिंगोतिया के द्वारा तैयार की गई। जिसे सफलतापूर्वक श्रीमती सरिता कोरी श्रीमती सरिता सिंगोतिया मैडम ने आशुतोष नामदेव अजय शेखर दुबे संतोष विश्वकर्मा फिरोज खान एवं धर्मेश ठाकुर परिपालित करवाया। इस दौरान छात्रों के भोजन की व्यवस्था के लिए सिंगोतिया सर और प्रशांत नामदेव का सहयोग रहा। व्यावसायिक प्रशिक्षक अभिषेक दुबे एवं श्रीमती भावना मिश्रा उपस्थित रहे।

## बसपा ने राष्ट्रपति के नाम डिप्टी कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस बहुजन समाज पार्टी जिला इकाई द्वारा कलेक्ट्रेट कार्यालय पहुंचकर डिप्टी कलेक्टर को ज्ञापन सौपा। ज्ञापन में मांग की गई है कि देश के गृह मंत्री अमित शाह ने संसद भवन में अपने वक्तव्य के दौरान भारत के संविधान निर्माता डॉ बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर के प्रति अमर्यादित एवं उपहास पूर्ण शब्दों का प्रयोग किया है यह न अशोभनीय है बल्कि बाबासाहेब आंबेडकर जी के प्रति असंवेदनशील जातिवाद की गहरी मानसिकता को भी प्रदर्शित है इससे बहुजन समाज के आत्मसम्मान को ठेस, पहुंची, और हर वर्ग में भारी रोष एवं आक्रोश व्याप्त है बहुजन समाज पार्टी मांग करती है कि भारत रत्न डॉक्टर बाबासाहेब भीमराव अंबेडकर जी के प्रति जिस तरह अनादर



अपमान किया है संवैधानिक मूल्यों की रक्षा करते हुए इस गंभीर मामले में सोच विचार कर कार्रवाई की जावे।इस अवसर पर लाल सिंह गौतम, प्रेम नारायण जाटव, गिरवर चौधरी, मोहन चौधरी, संतोष महोबिया, एड, लक्ष्मी नायक गोली चैधरी, झब्बूलाल मेजर, कमलेश, पन्ना लाल, गंगा राम कुमरे, सहित जिले के कार्यकर्ता मौजूद थे।

### स्कूली बच्चों को बांटे गर्म कपड़े



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस विकासखण्ड नरसिंहपुर स्थित शासकीय प्राथमिक शाला सूखा (पांसी) के छात्र-छात्राओं को वटकेश्वर महादेव उत्सव समिति विपतपुरा के द्वारा निःशुल्क स्वेटर प्रदान की गयीं। स्वेटर प्राप्त कर बच्चे काफी प्रसन्न दिखे। उक्त अवसर पर शाला शिक्षकों के अलावा सम्बंधित समिति से जुड़े लेखराम दुबे, रमेश श्रीवास्तव, मोती बंजारा, परषोत्तम यादव, प्रदीप उपाध्याय, सुभाष चैरसिया आदि की उपस्थिति उल्लेखनीय रही।

## ग्वालियर चैंपियनशिप में जिला कबड्डी टीम के खिलाड़ी दिखाएंगे जलवा

**गोटेगांव।** स्थानीय सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में मंगलवार को राज्य स्तरीय कबड्डी टूर्नामेंट के लिए बालक वर्ग (जूनियर) का चयन जिला नरसिंहपुर के गोटेगांव सुभाष चंद्र बोस मिनी स्टेडियम ग्राउंड में शुरू हुआ। इस अवसर अतिथि मणिनागेंद्र सिंह फाउंडेशन के सचिव सरदार सिंह पटेल विधायक महेंद्र नागेश पूर्व स्पोर्ट्स ऑफिसर सत्यनारायण मिश्रा सचिव कबड्डी फेडरेशन बॉबी मिश्रा भारत गैस एजेंसी संचालक सहित उपस्थित हुए,कार्यक्रम का शुभारंभ हनुमान जी महाराज की मूर्ति का पूजन अर्चन कर खिलाड़ियों से परिचय लिया वही सरदार सिंह पटेल ने कहा कि कबड्डी जैसे खेल न केवल शारीरिक फिटनेस को बढ़ावा देते हैं, बल्कि युवाओं में अनुशासन, टीम भावना और आत्मविश्वास का भी विकास करते हैं। उन्होंने सभी खिलाड़ियों को अपनी प्रतिभा और मेहनत से क्षेत्रीय और राष्ट्रीय स्तर पर नाम रोशन करने के लिए प्रेरित



किया,जिला स्तरीय इस चयन प्रक्रिया में प्रतिभागी खिलाड़ियों ने पूरे जोश और ऊर्जा के साथ भाग लिया। चयनित टीमों को ग्वालियर में राज्य स्तरीय चैंपियनशिप प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिलेगा,कार्यक्रम के सफल आयोजन में स्थानीय खेल अधिकारियों और आयोजकों का विशेष योगदान रहा,यह चयन प्रक्रिया क्षेत्रीय महिला खिलाड़ियों को आगे बढ़ने का बेहतरीन अवसर प्रदान कर रही है। आयोजकों के अनुसार, भविष्य में और भी बड़े खेल आयोजन कराने की योजना है,कार्यक्रम में यह रहे उपस्थित बीएसी उमाशंकर छिरा पीटीआई रंजीत घोसी खेल युवा कल्याण विभाग समन्वयक विकास शर्मा महेंद्र कौरव शोभाराम दोहैया उमाकांत राजपूत राहुल नामदेव पुष्पेंद्र राजपूत खेल युवा कल्याण विभाग समन्वयक इंद्र कुमार ठाकुर, नेताजी सुभाष चंद्र बोस स्टेडियम में जूनियर वर्ग बालक चयन स्पर्धा में पूरे जिले से लगभग 80 कबड्डी के खिलाड़ियों ने भाग लिया। 12 खिलाड़ियों का चयन समिति द्वारा किया गया उत्कृष्ट खेल के आधार पर खिलाड़ियों का चयन किया गया है एवं 2 अतिरिक्त खिलाड़ियों का भी चयन किया गया

### पूर्व राज्यमंत्री ने किया जिले के बॉडी बिल्डरों को सम्मानित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिनों म. प्र. शरीर सौष्ठव संघ के तत्वाधान में मानस भवन जबलपुर में 68 वीं राज्य स्तरीय शरीर सौष्ठव प्रतियोगिता का आयोजन हुआ जिसमें नरसिंहपुर



जिले की टीम को आमंत्रित किया गया। इस प्रतियोगिता में म.प्र. उदय में राज सेन, म.प्र. किशोर में सौरभ ठाकुर, अल्फेज खान, म.प्र. श्री में गणेश ठाकुर करेली, देवेंद्र ठाकुर, म. प्र. केसरी में पावर लाइन जिम के संचालक राकेश रजक ने भी भाग लिया। प्रतियोगिता में म. प्र. किशोर में अल्फेज खान को सिल्वर मेडल, म.प्र.श्री में देवेंद्र ठाकुर को सिल्वर मेडल, म.प्र. केसरी से राकेश रजक को कांस्य पदक से नवाजा गया। खिलाड़ियों की इस सफलता पर जिला संघ के संरक्षक पूर्व राज्यमंत्री जालम सिंह पटेल, अध्यक्ष राकेश जैन, इंजी. सुनील कोठारी, उपाध्यक्ष रोहित जाट, करेली, सहसचिव अनिल कुशवाहा मनोज जाट, कोषाध्यक्ष मनीष अग्रवाल, कानूनी सलाहकार एड. कैलाश साहू, ऑर्थो डॉ. हंसराज सिंह, फिजियो डॉ. राजेंद्र सोनी, मीडिया प्रभारी विनोद कोरी एवं जिम के सदस्य राजा जाट, रोहित कुशवाहा, सुमित कश्यप, सचिन कश्यप, माधव सोनी, अर्पित दुबे, कपिल यादव, ऋषि पटेल, जितेंद्र जाटव, योगेंद्र सोनी, विक्की नौरिया ने बधाइयां प्रेषित की।

### जनसुनवाई में आये 110 आवेदन



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** गत दिवस कलेक्टर कार्यालय के जनसुनवाई हाल में मंगलवार 24 दिसंबर को जिले के विभिन्न स्थानों से पहुंचे लोगों ने सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार एवं अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह को अपनी समस्या बताई और आवेदन दिये। उन्होंने संबंधित अधिकारियों को आवेदनों के समय सीमा में निराकरण के निर्देश दिये। उन्होंने विभिन्न आवेदनों का मौके पर भी निराकरण कराया। कलेक्ट्रेट में हुई जनसुनवाई में 110 आवेदन आये।

### सुशासन सप्ताह पर दिलाई शपथ



**हरिभूमि न्यूज़ - नरसिंहपुर।** सुशासन सप्ताह के अंतर्गत जिला शिक्षा अधिकारी कार्यालय नरसिंहपुर में जिला शिक्षा केन्द्र, विकासखंड शिक्षा अधिकारी कार्यालय के समस्त अधिकारी- कर्मचारियों ने सुशासन की शपथ ली। पूर्व प्रधानमंत्री स्व श्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100 वीं जयंती के अवसर पर सुशासन सप्ताह के रूप में मनाया जा रहा है। इसका उद्देश्य भारत के नागरिकों को जवाबदेही के प्रति जागरूकता पैदा करना है। अवसर पर जिला शिक्षा अधिकारी अनिल व्यौहार, जिला परियोजना समन्वयक डॉ आर पी चतुर्वेदी, योजना अधिकारी जी के नायक, सुश्री प्राशी अग्रवाल सहित कार्यालय के सभी अधिकारी-कर्मचारी उपस्थित रहे।

## जमुनिया सड़क के उड़े परखच्चे, ग्रामीण परेशान



**गोटेगांव।** तहसील क्षेत्र अंतर्गत प्रधानमंत्री सड़क योजना के माध्यम से गोटेगांव से जमुनिया जाने वाली सड़क का दो बार निर्माण हो चुका है। इसके बाद भी यहां के लोगों को सड़क की सुविधा का कोई लाभ नहीं हो पा रहा है, भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क में अल्प समय में ही भारी भरकम गड्ढे हो गए हैं। जिसके चलते यहां चलने वाले भारी वाहन वालों ने बड़े-बडे. बोल्डर डाल दिए है। जिसके कारण दो पहिया वाहन एवं छोटे वाहन वालों को भारी दिक्कत का सामना करना पड़ रहा है।इस सड़क के दोनों ओर किसानों के खेत लगे हुए हैं, जिसमें बारिश का पानी भरता है और यही पानी रिस कर सड़क के नीचे पहुंचने से दलदल हो जाती है। जिससे यह सड़क वाहनों के चलने पर धंस कर गड्ढों में तब्दील हो जाती है। वहीं सड़क पूरी तरह से टूट कर अलग हो जाती है। जिसके कारण यहां पर रहने वाले गांव के लोगों को सड़क सुविधा का लाभ नहीं हो रहा है। गांव को सड़क से जोड़ने के मकसद से सड़क का निर्माण किया। मगर भारी वाहनों की आवाजाही से सड़क टूट जाती है और इसका नुकसान गांव के लोगों को आने जाने में उठाना पड़ता है। लबे समय से गोटेगांव सड़क क्षतिग्रस्त है। इसके बाद भी नए सिरे से उक्त मार्ग को निर्माण करने की दिशा में कोई भी कदम नहीं उठाया जा रहा है। यहीं से नर्मदा तट मुंआरघाट जाने के लिए स्नान करने वाले पहुंचते है, मगर उक्त सड़क की हालत खराब होने से बहुत से स्नान करने वाले मुंआरघाट नहीं पहुंच पाते हैं। ग्रामीणों ने मांग की है कि जल्द ही इन रोड़ों का कार्यकलाप किया जाए जिससे परेशानी से मुक्ति मिले।

## हिन्दुस्तान के दिल के नेता अटलजी

**करेली।** पूर्व प्रधानमंत्री भारतरत्न स्वर्गीय पंडित अटल बिहारी बाजपेयी जी की 25 दिसंबर जयंती है। यह वर्ष उनका जन्म शताब्दी वर्ष है बाजपेयी जी के संबंध में सोचना शुरू करते ही मानसिक गतिविधियां तीव्र स्मृति पटल पर उनके सानिध्य के एक-एक पल उभरने लगते हैं उनके जैसी शख्स्यितें दुनिया में उस देष के सामुहिक भाग्य का फल होते हैं प्रकृति प्रदत्त नेता, कवि, पत्रकार, दार्षनिक संत राजनेता, अजातषत्रु युग दृष्टा जो सोचा वह जिया संपूर्ण जीवन समाज एवं राष्ट्र को समर्पित रहा।नरसिंहपुर जिले से अटल जी का गहरा संबंध रहा सर्वप्रथम नरसिंहपुर में 1970 को-आपरेटिव बैंक के सामने सभा हुई थी जिसकी अध्यक्षता डॉ. स्व. मधु बेलापुरकर जी के पिताजी ने की थी, करेली पुरानी गल्ला मण्डी में सभा हुई 1971 लुनावत जी के सामने जिसकी अध्यक्षता स्वर्गीय सुजान सिंह जी पटैल द्वारा की गई तीसरी सभा 1980 में स्वर्गीय ओमप्रकाष परिहार जी के उप चुनाव में स्टेडियम में संपन्न हुई, पूर्व मु. स्व. सुंदरलाल पटवा जी के चुनाव में नरसिंहपुर चर्च ग्राउण्ड में जिले की ऐतहासिक सभा हुई भारी बारिष के बीच हुई जिसमें बच्चे महिलायें डी.ओ. ऑफिस की छत पर लोग मैदान खचा-खच भरा भारी बारिष के बीच भी एक व्यक्ति भी मैदान से नहीं हटा मैं मंच पर था लौटते समय अटल जी बोले सारे बच्चे महिलायें भीग गई सिर पर कुर्सी उठाये लोग सभा सुनते रहे कोई हटा भी नहीं पटवा जी इन लोगों के प्रेम का बदला हम कैसे चुकायेंगे इसके अतिरिक्त गाडरवारा में भी एक सभा हुई सालीचौका में उन्हें सिक्कों से तौला गया। इन्हीं सिक्कों की बुनियाद पर नरसिंहपुर का दीनदयाल भवन खड़ा है संयोग से प्रथम सभा को छोड़कर सभी सभाओं का संचालन मुझे करने का मौका मिला अटल जी के साथ लंबा समय उन्हें अनुभव करने का मुझे मिला 10 अगस्त 1971 बांग्लादेष पाकिस्तान से अलग हो गया हमारी सेनाओं के सामने पाकिस्तानी फौज आत्मसमर्पण कर चुकी थी बांग्लादेष को मान्यता देने तत्कालीन स्व. श्रीमति इंदिरा गांधी की सरकार असमंजस में थी, तब अटल जी ने मान्यता के लिये आंदोलन किया एक लाख लोगों ने दिल्ली में गिरफतारी दी तीन दिन तिहाड़ हरी नगर जेल में उनके साथ रहने का मौका मिला उनके साथ गुजरात के चुनाव में भी साथ रहा मध्यप्रदेष भाजपा में माननीय पटवा जी के साथ प्रदेष मंत्री था मंडला जिले के नैनपुर में प्रषिक्षण वर्ग था जिसका में संयोजक था, जिसमें अटलजी पधारे थे दिनभर साथ रहने का मौका मिला उस समय नगरपालिका के अध्यक्ष बालकिषन खण्डेलवाल थे। अभूतपूर्व स्वागत नैनपुर में हुआ हाथी दरवाजे हाथ ठिलियों के द्वार, बर्तनों के द्वार, फलों के द्वार, बनाये गये थे अटल



जी के प्रति लोगों की आस्था थी, उनकी सभाओं में भीड़ जुटाना नहीं पड़ती थी खुद होकर लोग लाखों की संख्या में आते थे। अटलजी के नेतृत्व में ही बाईस दलों को मिलाकर इस देष की विविधता को सत्यापित करते हुये भारत सरकार चलाने का काम किया हिन्दुस्तान के असल मुद्दों के लिये भारत की आत्मा के अनुरूप गांधी के सपनों को अटल जी ने पंख लगाये ग्रामीण अर्थव्यवस्था में नई जान फूंकी प्रधानमंत्री सड़क क्रेडिट कार्ड किसानों के ब्याज को कम करने का काम अटलजी ने किया वित्त कमीषन जिससे देहातों में घर-घर सड़कों का निर्माण बिजली पानी भवन का इंतजाम हुआ काष की 1950 से ये कार्य शुरू हो जाते तो भारत विष्व की महाषक्ति होता।पोखरण में परमाणु विस्फोट करके भारत को परमाणु शक्ति संपन्न बनाने का कार्य अटल जी ने प्रषस्त किया, साधन सामर्थ्य हिन्दुस्तान में था। पुरानी सरकारों में राजनैतिक इच्छा शक्ति की कमी थी आज देष सामरिक दृष्टि से सुरक्षित है, तो अटलजी के कारण। राष्ट्रीय मुद्दों पर सटीक देषहित का दृष्टिकोण विरोध में रहते हुये पाकिस्तान युद्ध के समय यह उद्घोष अटल जी ही कर सके "वयं पंचाधिकं सतं" दुष्मनों के लिये सारा देष एक है। अच्छे को अच्छा कहने का साहस अटलजी ने इस देष को सिखाया इसी कारण स्वर्गीय नरसिम्हा राव जी ने विरोधी नेता अटलजी को देष को प्रतिनिधित्व देने विदेष भेजा। देश में सबसे ज्यादा भाषण देने के लिये अटलजी जाने जाते हैं, लेकिन भूलकर कभी किसी का दिल नहीं दुखाया, सारे विरोधी उन्हें सम्मान देते थे संयुक्त राष्ट्रसंघ में पहली बार कोई नेता हिन्दी में बोला वो अटल जी थे उनकी तटस्थ विदेष नीति, आर्थिक नीति, देष को गति देने स्वर्णिम चतुर्भुज योजना, नदियों को आपस में जोड़ने की योजना जिससे सूखा एवं बाढ़ से एकसाथ निपटा जा सके। 25 दिसम्बर को मध्यप्रदेष में केन-बेतवा लिंक परियोजना का षिलान्यास माननीय नरेन्द्र मोदी जी कर रहे हैं मोदी जी की सरकार अटलजी की नीतियों को लागू कर दुनिया के नक्षे में भारत को यषस्वी कर रहे हैं। Mसुचिता की राजनीति के अटलजी संवाहक थे नैनीताल में किसी ने फार्म हाउस अटलजी को देने को कहा तो उन्होने इंकार करते हुये इसे देष को समर्पित किया पूरा देष जानता है अटलजी की सरकार एक वोट से गिरी सारे लोग मानते है, कि एक वोट की व्यवस्था सामान्य बात है। अटलजी ने एक वोट नहीं जुटाया उनका संसद में इस्तीफा देने के पूर्व का भाषण पवित्र लोकतंत्र की गीता है। इस भाषण ने देष भर के लोगों की आंखें नम कर दी। "सरकारें आयेंगी, जायेंगी ये देष रहेगा, लोकतंत्र रहेगा"मैं फिर जनता के सामने निर्णय के लिये जा रहा हूं, उनकी कवितायें आज भी पढ़ो तो चेतना जग जाती है। समाज जीवन को नये प्राण देने का सामर्थ्य उनकी कविताओं में है, वे हमेषा शाष्वत रहेंगी। अटल जी हिन्दुस्तान की ऐंसी सख्शियत थे जो कभी पदों के मोहताज नहीं रहे जिस पद पर अटल जी बैठ गये वो यषस्वी हो गया अटलजी महामानव हैं वो हमेषा हमारे भीतर रहेंगे जब तक हिन्दुस्तान हैं वे हमारे दिल दिमाग पर अंकित रहेंगे।

किसी ने ठीक कहा है, "इस रास्ते में जब कोई छाया ना पायेगा, ये आखिरी दरख्त बहुत याद आयेगा"

अटलजी के जन्म शताब्दी वर्ष पर अटलजी के चरणों में सादर शब्दांजली।

**कैलाश सोनी**
**पूर्व राज्यसभा सदस्य, राष्ट्रीय अध्यक्ष लोकतंत्र सेनानी संघ**